रविवार, 9 फरवरी 2025

www.samagya.in

# समाज्ञा

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष द्वादशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 16 |
| आर्द्रता | 47% |
| सूर्योदयः 6:12 | सूर्यास्तः 17:30 |



बजट, मौद्रिक नीति उपायों से खपत, निजी निवेश में आएगी तेजी: सीतारमण –पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : दुनिया में चलने वाली इकलौती करेंसी का नाम सिर्फ कर्म है।

# दिल्ली में 27 साल बाद कमल 'राज'



| दिल्ली 70/70 सीटें (36 जीतने वाली सीटें) | BJP+ | AAP | INC | OTH |
|---|---|---|---|---|
| | 48 जीत | 22 जीत | 0 जीत | 0 जीत + बढ़त |
| विस्तृत परिणाम | | | | |

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं और इस बार 27 साल बाद राजधानी में कमल खिला है। बीजेपी ने ये चुनाव प्रचंड बहुमत के साथ जीत लिया है और सत्ताधारी आम आदमी पार्टी सिर्फ 22 सीटों पर सिमट गई है। 70 विधानसभा सीटों वाली दिल्ली में बीजेपी को 48 सीटों पर जीत मिली है। वहीं लगातार तीसरी बार कांग्रेस दिल्ली में खाता तक खोलने में नाकाम रही। बीजेपी के उदय से पहले लगातार तीन बार शीला दीक्षित की अगुवाई में दिल्ली की सत्ता पर राज करने वाली कांग्रेस पिछले 3 चुनावों से एक सीट तक के लिए तरस गई है।

बीजेपी ने इस बार 'बदलकर रहेंगे दिल्ली' के नारे के साथ चुनाव लड़ा था और नतीजों से साफ है कि भगवा पार्टी अपने मिशन में सफल हुई है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में सिर्फ 8 सीटों पर सिमटी बीजेपी ने इस बार 40 सीटों की बढ़त हासिल की और आसानी से बहुमत का आंकड़ा (36) पार कर लिया है। विधानसभा चुनाव में बीजेपी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार रैलियां की थीं। इसके अलावा गृह मंत्री अमित शाह ने करीब 18 चुनावी कार्यक्रमों में हिस्सा लिया था। तमाम केंद्रीय मंत्रियों के अलावा योगी आदित्यनाथ, देवेंद्र फडणवीस समेत बीजेपी शासित कई राज्यों के सीएम दिल्ली में डेरा डाले रहे और अपनी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई।

दिल्ली में इस बार वोट शेयर की बात करें तो बीजेपी को करीब 46 फीसदी वोट मिले हैं जबकि आम आदमी पार्टी करीब 44 फीसदी वोट पाने में सफल रही है। वोट शेयर में यह अंतर भले ही दो फीसदी का हो लेकिन सीटों के मामले में 26 सीट का अंतर पैदा करता है। दिल्ली में 6.40 वोट शेयर के साथ कांग्रेस तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है लेकिन सीटों के मामले में उसे जीरो मिला है। साल 2015, 2020 और 2025 लगातार तीसरी बार कांग्रेस को दिल्ली में एक भी सीट पर जीत नहीं मिल पाई है। कांग्रेस के साथ-साथ किसी छोटी पार्टी या निर्दलीय के खाते में कोई भी सीट नहीं गई। साफ तौर पर दिल्ली के अधिकतर वोटर्स ने बीजेपी या बीजेपी में से किसी एक को ही अपना वोट दिया है।

## दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री का फैसला पार्टी नेतृत्व करेगा : प्रवेश वर्मा

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नयी दिल्ली सीट से हराने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता प्रवेश वर्मा ने कहा कि दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री का फैसला पार्टी नेतृत्व करेगा। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा ने लोगों का भी आभार व्यक्त किया और इसे ''राष्ट्रीय राजधानी की जनता की जीत'' बताया। उन्होंने कहा, ''यह सिर्फ मेरी जीत नहीं है, यह दिल्ली के लोगों की जीत है, जिन्होंने झूठ पर सच्चाई, जुमलेबाजी पर सुशासन और धोखे पर विकास को चुना। मैं हर मतदाता का विनम्रतापूर्वक आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया।''

## दिल्ली एक दशक की 'आप-दा' से मुक्त हुई, विधानसभा के पहले सत्र में सीएजी रिपोर्ट होगी पेशः मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत को 'ऐतिहासिक' करार दिया और कहा कि अब राष्ट्रीय राजधानी एक दशक की 'आप-दा' से मुक्त हुई है। उन्होंने दिल्ली की जनता को आश्वस्त किया कि विधानसभा के पहले सत्र में महानियंत्रक एवं लेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट पेश की जाएगी और दोषियों को दंडित कर उनसे लूटे हुए पैसे वसूले जाएंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के बाद पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस जनादेश से स्पष्ट है आज दिल्ली में विकास, विजन और विश्वास की जीत हुई है और आडंबर, अराजकता, अहंकार और दिल्ली पर छाई 'आप-दा' की हार हुई है। मोदी ने कहा, मैं आश्वस्त करता हूं कि विधानसभा के पहले सत्र में महानियंत्रक एवं लेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट पेश की जाएगी और जो भी भ्रष्टाचार में शामिल पाया जाएगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। जिसने भी लूटा है, उसको लौटाना पड़ेगा। उन्होंने कहा, यह मोदी की गारंटी है। ज्ञात हो कि दिल्ली शराब नीति से जुड़ी सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा में पेश न करने को भाजपा ने चुनावी मुद्दा बनाया था। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है सीएजी रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली शराब नीति से सरकारी खजाने को 2026 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इसके अलावा रिपोर्ट में शराब नीति के क्रियान्वयन में भी कई खामियां पाए जाने की बात कही गई है। यमुना मैया के जयकारे के साथ अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए मोदी ने कहा, आज की ये विजय ऐतिहासिक है। दिल्ली के लोगों ने आप-दा को बाहर कर दिया है। एक दशक की आप-दा से दिल्ली मुक्त हुई है।

## दिल्ली में झूठ के शासन का अंत, विकास और विश्वास के एक नए युग का आरंभः शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत को झूठ के शासन का अंत और विकास व विश्वास के एक नए युग का आरंभ बताया और कहा कि राजधानी के मतदाताओं ने 'वादाखिलाफी' करने वालों को ऐसा सबक सिखाया है जो झूठे वादे करने वालों के लिए मिसाल बनेगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की 'प्रचंड जनादेश' के लिए जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी और कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी अपने सभी वादे पूरे कर दिल्ली को विश्व की नंबर एक राजधानी बनाने के लिए संकल्पित है।

## भाजपा के प्रवेश वर्मा ने अरविंद केजरीवाल को नयी दिल्ली विधानसभा सीट पर 4,089 मतों से हराया



आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवेश वर्मा ने नयी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में 4,089 मतों के अंतर से हरा दिया है, जो सत्तारूढ़ पार्टी के लिए बहुत बड़ा झटका है। अपनी जीत के बाद वर्मा ने कहा, ''यह सिर्फ मेरी जीत नहीं है, बल्कि यह दिल्ली के लोगों की जीत है, जिन्होंने झूठ के बजाय सच्चाई, जुमलेबाजी के बजाय सुशासन और धोखे के बजाय विकास को चुना। मैं हर मतदाता का विनम्रतापूर्वक धन्यवाद करता हूं।

## दिल्ली के जनादेश को स्वीकारते हैं, लोगों के अधिकारों की लड़ाई जारी रखेंगे: राहुल



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि वह दिल्ली के जनादेश को विनम्रता से स्वीकार करते हैं तथा आगे उनकी पार्टी राष्ट्रीय राजधानी की प्रगति तथा दिल्लीवासियों के अधिकारों की लड़ाई जारी रखेगी।

## जनादेश विनम्रता से स्वीकार, मैं भाजपा को उसकी जीत के लिए बधाई देता हूं : केजरीवाल



आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी की हार स्वीकार कर ली। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा 47 सीट पर आगे चल रही है, जबकि आप को 23 सीट पर ही संतोष करना पड़ता दिख रहा है। 'आप' प्रमुख केजरीवाल और पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया क्रमशः भाजपा के प्रवेश वर्मा और तरविंदर सिंह मारवाह से चुनाव हार गए। केजरीवाल ने एक वीडियो संदेश में कहा, ''जनादेश को विनम्रता से स्वीकार करता हूं और भाजपा को उसकी जीत के लिए बधाई देता हूं, उम्मीद करता हूं कि वह लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी।''




## नारकेलडांगा में बस्ती में भीषण आगजनी, 30 झोपड़ियां जलकर खाक

### दनमकल मंत्री घटनास्थल पर पहुंचे

**कोलकाता, समाज्ञा :** नारकेलडांगा में एक बस्ती में देर रात भीषण आग लग गई। इस आगजनी में कम से कम 30 झोपड़ी जलकर खाक हो गए। स्थिति से निपटने के लिए 16 दमकल गाड़ियां तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं। हालांकि, खबर लिखे जाने तक आग पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है। इस घटना से क्षेत्र में व्यापक दहशत फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की रात करीब 10.30 बजे खाल धार किनारे से सटे झुग्गी बस्ती में अचानक आग लग गई। कुछ ही क्षणों में यह आग आसपास के घरों तक फैल गया। कुछ ही देर में आग 30 से अधिक घरों तक फैल गई। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि सड़क किनारे खड़े एक ट्रक और एक पिकअप वैन में भी आग की चपेट में आ गया। खबर मिलते ही 16 दमकल गाड़ियां तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय निवासियों ने भी आग बुझाने के लिए अग्निशमन कर्मियों के साथ हाथ बंटाया। प्रारंभिक तौर पर पता चला है कि झुग्गी बस्ती की अधिकांश झोपड़ियों में ज्वलनशील पदार्थ अधिक मात्रा में होने के कारण आग ने पल भर में ही विकराल रूप धारण कर लिया। अग्निशमन कर्मियों को स्थिति से निपटने में काफी कठिनाई हुई। स्थानीय लोगों का दावा है कि दुर्घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। निवासी सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे। हालांकि, इस झुग्गी बस्ती में 200 से अधिक झोपड़ियां थीं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, 50 से अधिक झोपड़ियां जलकर राख हो गयी हैं। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि आग कैसे लगी। यद्यपि क्षेत्र के निवासी बच गए, लेकिन आग में उनका लगभग सब कुछ नष्ट हो गया। सूत्रों के अनुसार, दो घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। घटना की सूचना पाकर दमकल मंत्री सुजीत बोस भी मौके पर पहुंचे।

## यूपीएससी ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि 18 फरवरी तक बढ़ाई

**नयी दिल्ली :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 18 फरवरी तक बढ़ा दी है। यूपीएससी द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों का चयन करने के लिए सिविल सेवा परीक्षा तीन चरणों – प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार – में प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। आयोग द्वारा अपनी वेबसाइट पर जारी एक नोट में कहा गया है कि सिविल सेवा (प्रारंभिक)-2025 और भारतीय वन सेवा (प्रारंभिक)-2025 परीक्षाओं के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि ''18.02.2025 (शाम 6 बजे) तक बढ़ा दी गई है।''



## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 9 फरवरी, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ शुक्लपक्ष द्वादशी, 19:28 तक, नक्षत्र : आद्रा, 17:53 तक, योग : विष्कंभ, 12:08 तक, सूर्योदय: 6:13, सूर्यास्त: 17:30, चन्द्रोदय : 14:22, चन्द्रास्त: 03:39, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 16:02 से 17:26

## साप्ताहिक : राशिफल
## 09-02-25 से 15-02-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस सप्ताह मेष राशि के जातको को शुरुआत मैं कुछ अच्छे व्यापारिक लाभ मिल सकते है। हफ्ते के मध्य मैं आपको कुछ सेहत से जुडी दिक्क़ते परेशान कर सकती है। धन सम्बन्धी मामलों के लिहाज से यह हफ्ता आपको अच्छे परिणाम देने वाला रहेगा। इस हफ्ते आपकी सुख सुबिधाओं मैं वृद्धि के योग रहेंगे। इस हफ्ते आपका मन किसी बात को लेकर परेशान हो सकता है। कामकाज की अधिकता बनी रह सकती है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस सप्ताह वृषभ राशि के जातको को शुरुआत मैं कामधंधे से सम्बंधित कुछ परेशानी मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ आपके कुछ वैचारिक मतभेद संभव है। हफ्ते के मध्य भाग मैं अपनी सेहत का ध्यान रखे। अचानक धन लाभ के योग रहेंगे। इस हफ्ते आपके खर्च मैं वृद्धि बनी रहेगी। धार्मिक कार्यो मैं आपकी रूचि बाद सकती है। प्रॉपर्टी से सम्बंधित लाभ आपको मिल सकते है। छात्र वर्ग के लिए हफ्ता शुभ फल देने वाला रहेगा।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** इस सप्तहा मिथुन राशि के जातको को धन का लाभ मिल सकता है। इस हफ्ते कुछ व्यर्थ के खर्च आपको परेशान कर सकते है। शत्रु पक्ष से आपको थोड़ा सचेत बने रहने की सलाह रहेगी। कार्यक्षेत्र के लिहाज से यह हफ्ता आपको शुभ परिणाम देने वाला रहेगा। इस हफ्ते व्यापारिक वर्ग को व्यापार मैं वृद्धि मिल सकती है। सेहत का ध्यान रखे। इस हफ्ते दैनिक जीवन मैं अपनी वाणी पर ध्यान रखे।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस सप्तहा कर्क राशि के जातको को कार्यक्षेत्र से सम्बंधित कोई समस्या परेशान कर सकती है। छात्र वर्ग के लिए हफ्ता थोड़ा मेहनत वाला बना रह सकता है। इस हफ्ते संतान की सेहत का ध्यान रखे। इस हफ्ते आपको अपने खर्चो पर नियंत्रण रखने की जरुरत रहेगी। इस हफ्ते आपके वैवाहिक जीवन मैं उथल पुथल बनी रह सकती है। इस हफ्ते आपका मन किसी बात को लेकर परेशान बना रह सकता है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस हफ्ते सिंह राशि के जातको का आत्मविश्वास बहुत बड़ा चढ़ा बना रहेगा। इस हफ्ते आपको अपनी दैनिक सुख सुबिधाओं मैं कुछ कमी देखने को मिल सकती है। सेहत को लेकर भी इस हफ्ते आपको थोड़ा सतर्क बने रहने की जरुरत रहेगी। धन सम्बन्धी लाभ आपको इस हफ्ते मिल सकते है। जीवनसाथी के साथ आपका प्रेम भाव बढ़ेगा। संतान सम्बन्धी शुभ समाचार इस हफ्ते आपको मिल सकते है। धार्मिक ग्रंथो मैं आपकी रूचि बढ़ेगी।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** इस सप्ताह कन्या राशि के जातको को आलस्य की अधिकता परेशान कर सकती है। संतान के साथ आपके मनमुटाव संभव है। छात्र वर्ग के लिए यह हफ्ता अधिक परिश्रम वाला बना रहेगा। कामकाज के लिहाज से यह हफ्ता आपको अच्छे लाभ दे सकता है। इस हफ्ते आपके जीवनसाथी को कोई लाभ मिल सकता है। प्रेम प्रसंग के मामलों मैं कोई नकारात्मक परिणाम आपको मिल सकते है। दैनिक बोलचाल मैं अपनी भाषा का ध्यान रखे।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** इस सप्ताह तुला राशि के जातको की शुरुआत अच्छी रहेगी। इस हफ्ते पारिवारिक मामलों को लेकर कुछ परेशान हो सकते है। इस हफ्ते आपको अपनी वाणी पर संयम रखना लाभ देगा। हफ्ते के मध्य मैं कामकाज को लेकर आपका आत्मविश्वास बहुत बड़ा चढ़ा रहेगा। पुराने रुके हुए कार्य इस हफ्ते पूर्ण हो सकते है। धन सम्बन्धी समस्याएं आपकी दूर होगी छात्र वर्ग के लिए हफ्ता अच्छे परिणाम दे सकता है। नकारात्मक विचारो से दूर रहे।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस सप्ताह वृश्चिक राशि के जातको को कामकाज से सम्बंधित दौड़ भाग बनी रह सकती है। इस हफ्ते आपका मन किसी अज्ञात भय के कारण परेशान हो सकता है। धन सम्बन्धी मामलों मैं आपको इस हफ्ते अच्छे लाभ मिल सकते है। कार्यक्षेत्र मैं आपको अधिकारी तथा सहकर्मियों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। संतान के साथ आपके सम्बन्ध मजबूत होंगे। दैनिक करीपो को लेकर इस हफ्ते आलस्य से बचने की सलाह रहेगी।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** इस सप्ताह धनु राशि के जातको को सेहत से जुडी कोई समस्या परेशान कर सकती है। इस हफ्ते आपके खर्च अधिक मात्रा मैं बने रह सकते है। कामकाज से से मामलों मैं आपको इस हफ्ते अच्छी सफलता मिल सकती है। अचानक धन का लाभ आपको मिल सकता है। इस हफ्ते पारिवारिक सदस्यों के साथ आपके मन मुटाव न हो इसका ध्यान रखे। भाग्य इस हफ्ते आपके लिए सफलता के नए मार्ग खोल सकता है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** इस सप्ताह मकर राशि के जातको कार्यक्षेत्र मैं अच्छे लाभ मिलेंगे। जीवनसाथी का सहयोग आपको मिलेगा किन्तु उनकी सेहत आपको कुछ परेशान कर सकती है। छात्र वर्ग के लिए यह हफ्ता अधिक परिश्रम वाला बना रहेगा। संतान के साथ मतभेद न हो इसका ध्यान रखे। इस हफ्ते अचानक कोई बड़ा खर्च आपके सामने आ सकता है। यात्रा के योग रहेंगे। सेहत का ध्यान रखे सर दर्द की समस्या हो सकती है। व्यर्थ के कार्यो से दूर बने रहने की सलाह रहेगी।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** यह सप्ताह कुम्भ राशि के जातको को भाग्य का अच्छा सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र मैं इस हफ्ते आपको कुछ दिक्क़ते मिल सकती है। इस हफ्ते कामकाज को लेकर आपको लोगो का सहयोग कम मिलेगा। इस हफ्ते के मध्य भाग मैं आपको अच्छा धन का लाभ मिल सकता है। छात्र वर्ग के लिए हफ्ता सकारात्मक परिणाम देने वाला रहेगा। प्रेम प्रसंग के मामलों मैं आपको सफलता मिलेगी। हफ्ते का अंतिम भाग कुछ खर्च वाला हो सकता है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** यह सप्ताह मीन राशि के जातको के लिए थोड़ा परिश्रम वाला बना रह सकता है। कामकाज से सम्बंधित इस हफ्ते आपको अच्छे लाभ मिल सकते है। आलस्य से दूर बने रहने की सलाह रहेगी। छात्र वर्ग का मन इस हफ्ते अपने कार्यो से भटक सकता है। इस हफ्ते क्रोध मैं आकर कोई निर्णय न ले। लाभ को लेकर स्तिथि बनी रहेगी। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखे। कामकाज से सम्बंधित दौड़भाग बनी रह सकती है। भाई बहनों के साथ तालमेल बना कर चले उचित रहेगा।

# उत्तर प्रदेश: मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में भाजपा की जबरदस्त जीत

## भाजपा के चंद्रभानु पासवान 61 हजार से अधिक मतों से जीते



**अयोध्या :** उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के शनिवार को घोषित परिणाम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार चंद्रभानु पासवान ने 61,710 मतों से जीत हासिल की। निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित परिणामों के मुताबिक, 38 वर्षीय पासवान को 1.46 लाख से अधिक वोट मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी (सपा) के 42 वर्षीय अजीत प्रसाद को 84,687 वोट मिले। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के संतोष कुमार तीसरे स्थान पर रहे और उन्हें 5,459 वोट मिले। मिल्कीपुर सीट पर भाजपा की जीत के साथ, फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी पांच विधानसभा क्षेत्र भाजपा की झोली में आ गए हैं। वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव में अयोध्या जिले की मिल्कीपुर एकमात्र सीट थी, जिस पर भाजपा हारी थी। मिल्कीपुर विधानसभा सीट अवधेश प्रसाद के लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिये जाने के कारण रिक्त हुई थी। सपा ने प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को उपचुनाव में उतारा था जबकि भाजपा ने चंद्रभानु पासवान को प्रत्याशी बनाया था। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने उपचुनाव नहीं लड़ा जबकि कांग्रेस ने अपने गठबंधन सहयोगी सपा का समर्थन किया था।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत प्रधानमंत्री की नीतियों पर दिल्लीवासियों के विश्वास की मुहर : योगी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह चुनाव परिणाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकासपरक नीतियों पर दिल्ली वासियों के विश्वास की मुहर है। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक विजय की समर्पित पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई!' आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक विजय की समर्पित पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई! उन्होंने कहा, यह विजय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व और उनकी सर्वहितग्राही, लोक-कल्याणकारी और समग्र उत्थान को समर्पित विकासपरक नीतियों पर दिल्ली वासियों के विश्वास की मुहर है। आदित्यनाथ ने कहा कि सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई एवं दिल्ली की सुशासन प्रेमी देवतुल्य जनता-जनार्दन का अभिनंदन।

### उत्तर प्रदेश: बेटी से दुष्कर्म के आरोप में पिता गिरफ्तार

**बांदा :** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में पुलिस ने बेटी को कथित रूप से बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के लिए शनिवार को पिता को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। महोबा नगरक्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) दीपक दुबे ने बताया कि थानाक्षेत्र के एक गांव में छह फरवरी को 18 वर्षीय अपनी बेटी को घर में कथित रूप से बंधक बनाकर उससे दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने 44 वर्षीय आरोपी पिता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि पीड़ित लड़की को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया है। अधिकारी ने बताया कि अपनी ही बेटी को बंधक बनाकर उससे दुष्कर्म किए जाने की घटना बृहस्पतिवार (छह फरवरी) की है। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर पीड़िता के मामा उसके घर गये तो आरोपी ने उनसे मारपीट की और उनकी मोटरसाइकिल तोड़ दी।

### राजस्थान: बुजुर्ग पर डंडों से हमला कर हत्या की

**जयपुर :** राजस्थान के पाली जिले में कुछ लोगों ने एक बुजुर्ग पर डंडों से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना जैतपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हुई। जैतपुर थानाधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान मोहनलाल बैरवा (65) के रूप में हुई और उनके परिजनों की शिकायत पर पड़ोस में रहने वाले चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महाकुंभ में राजस्थान के मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय हुए

**महाकुंभ नगर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में यहां शनिवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राजस्थान की जनता के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। यह महाकुंभ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल की बैठक के बाद किसी राज्य सरकार की मंत्रिमंडल की दूसरी बैठक है। इस बैठक से पूर्व भजन लाल शर्मा ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में देवस्थान विभाग से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय किए गए। इनमें मंदिरों की राग-भोग की राशि दोगुनी की गई और साथ ही अंशकालीन पुजारियों का मानदेय बढ़ाकर 7,500 रुपये प्रतिमाह किया जाना शामिल है। इसके अलावा, मंत्रिमंडल की बैठक में राजस्थान में और इस राज्य से बाहर स्थित देवस्थान विभाग के मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए राशि स्वीकृत की गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी पर विश्वास है। दिल्ली की जनता ने भरोसा किया कि उनका विकास केवल 'डबल इंजन' की सरकार ही सुनिश्चित कर सकती है।

## विकास की राजनीति की तरफ बढ़ रहा है मुस्लिम समाज : राज्य मंत्री दानिश अंसारी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजादी अंसारी ने शनिवार को प्रदेश की मुस्लिम बहुल मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उप-चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत और दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुसलमानों के दबदबे वाले क्षेत्रों में पार्टी के बेहतर प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुस्लिम समाज अब विकास की राजनीति की तरफ बढ़ रहा है। अंसारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि दिल्ली की मुस्लिमों के खासे दबदबे वाली मुस्तफाबाद विधानसभा सीट पर भाजपा की बड़े अंतर से जीत और अन्य मुस्लिम बहुल सीट पर पार्टी का पहले से बेहतर प्रदर्शन दरअसल मुसलमानों की राजनीतिक सोच में सकारात्मक बदलाव का संकेत दे रहा है। प्रदेश सरकार में एकमात्र मुस्लिम मंत्री ने आरोप लगाया, मुस्लिम वोटों की राजनीति करने वाले दलों ने मुसलमानों का वोट लेकर उन्हें सिर्फ गुमराही के रास्ते पर बढ़ाया। चाहे वह आम आदमी पार्टी (आप) हो, कांग्रेस हो या समाजवादी पार्टी (सपा) हो। लेकिन अब लगातार मुस्लिम बहुल क्षेत्रों से भाजपा को मिल रही जीत से यह साबित होता है कि मुस्लिम समाज अब विकास की राजनीति की तरफ बढ़ रहा है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिये भाजपा की प्रबंधन समिति के अहम सदस्य रहे अंसारी ने कहा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत में हर धर्म और संप्रदाय के लोगों का योगदान है। बिना सबके साथ के इतनी प्रचंड जीत हमें नहीं मिलती। अगर हम मुस्लिम बहुल क्षेत्रों को देखें....जैसे मुस्तफाबाद में करीब 70 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है। इसके बावजूद वहां भाजपा बड़े अंतर से जीती है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कुछ अन्य मुस्लिम बहुल सीट पर भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा है और यह भाजपा पर मुस्लिम समाज के बढ़ते भरोसे की निशानी है।

## राजस्थान और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्रियों ने लगाई संगम में डुबकी



**महाकुंभ नगर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को संगम में डुबकी लगाई। दोनों मुख्यमंत्रियों के साथ उनकी धर्मपत्नियां भी मौजूद थीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने भी संगम में स्नान किया। ठाकुर के साथ उनकी पत्नी भी मौजूद थीं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने संगम में स्नान के बाद कहा, यह महाकुंभ हमारी संस्कृति और विरासत का प्रतीक है। हम सौभाग्यशाली हैं कि 144 वर्ष बाद आए इस महाकुंभ में हमने डुबकी लगाई। इस दिव्य और भव्य आयोजन के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बहुत बहुत धन्यवाद देता हूं। वहीं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने संगम में डुबकी लगाने के बाद कहा, मैं आज (शनिवार को) तीर्थराज प्रयाग की भूमि पर आया हूं और यहां सभी प्रदेशवासियों की ओर से डुबकी लगाई और प्रदेश की जनता विशेष रूप से युवाओं के उज्ज्वल भविष्य व समाज के हर वर्ग की समृद्धि की कामना की।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हादसे में तीन लोगों की मौत

**सुलतानपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में गोसाईगंज थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश से बस्ती की तरफ एक वाहन जा रहा था और उसमें मछलियां लदी थीं। यह वाहन पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे में आगे जा रहे एक कंटेनर से टकरा गया। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि हादसा शुक्रवार रात हुआ जिसमें मध्य प्रदेश के लिम्बोदा उज्जैन निवासी बने सिंह और साजापुर जिले के पाकड़ी निवासी तेजूलाल (पुत्र मेरुलाल) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। तीसरे व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि तीसरे मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### नीतीश ने दिल्ली में भाजपा की जीत पर बधाई एवं शुभकामनायें दीं, मोदी के नेतृत्व की सराहना की

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सहयोगी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शनिवार को दिल्ली में जीत पर उसे बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) अध्यक्ष नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की भारी बहुमत से जीत पर बधाई एवं शुभकामनायें। दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व पर अपना पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है। इस ऐतिहासिक जीत के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को बहुत-बहुत बधाई।'

### भाजपा चुनाव जीतने की कोशिश में चुनावी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है: अखिलेश यादव

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर चुनाव जीतने की कोशिश में चुनावी मशीनरी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। आधिकारिक तौर पर अभी मिल्कीपुर विधानसभा सीट का परिणाम घोषित नहीं हुआ है लेकिन भाजपा उम्मीदवार सपा के उम्मीदवार से काफी आगे है। अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में वस्तुतः पार्टी की हार स्वीकार करते हुए कहा, 'लोकसभा चुनावों में अयोध्या में हुई पीडीए की सच्ची जीत, उनके मिल्कीपुर के विधानसभा की झूठी जीत पर कई गुना भारी है और हमेशा रहेगी।' उन्होंने कहा, 'पीडीए की बढ़ती शक्ति का सामना भाजपा वोट के बल पर नहीं कर सकती है, इसीलिए वो चुनावी तंत्र का दुरुपयोग करके जीतने की कोशिश करती है।'

## महाकुंभ में विदेशी और भारतीय विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सात लाख से अधिक श्रद्धालुओं का उपचार किया



**महाकुंभ नगर :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में कनाडा, जर्मनी, रूस और दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 13 जनवरी से अब तक कुल सात लाख से अधिक श्रद्धालुओं के उपचार में अहम भूमिका निभाई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। महाकुंभ मेले के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉ. गौरव दुबे ने बताया कि यहां एलोपैथी के 23 अस्पतालों में साढ़े चार लाख से अधिक मरीजों का उपचार किया गया। उन्होंने बताया कि इसके साथ-साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दो लाख 18 हजार मरीजों का आयुर्वेद और होम्योपैथी के जरिए उपचार किया है और इसके अलावा 3.71 लाख श्रद्धालुओं की पैथोलॉजी जांच भी की गई। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य आयुष सोसाइटी, उत्तर प्रदेश के सहयोग से 20 आयुष अस्पताल महाकुंभ क्षेत्र में 24 घंटे कार्यरत हैं, जिनमें आयुर्वेद और होम्योपैथी के 10-10 अस्पताल शामिल हैं। बयान के अनुसार, श्रद्धालुओं के उपचार में दिल्ली स्थित एम्स से सात विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के डीन डॉ. वीके जोशी और कनाडा के डॉक्टर थॉमस समेत कई देशों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने श्रद्धालुओं का उपचार किया और उनकी जांचें कर दवाएं भी उपलब्ध कराईं।

### महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं को तेज रफ्तार वाहन ने कुचला, दो लोगों की मौत, नौ जख्मी

भदोही (उप्र) : बिहार के गया जिले से महाकुंभ में स्नान करने प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं को भदोही जिले के औराई क्षेत्र में एक तेज रफ्तार वाहन ने कुचल दिया जिससे दो लोगों की मौत हो गई तथा नौ अन्य जख्मी हो गये। प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार राय ने बताया कि गया जिले के शेरघाटी निवासी 11 लोग एक जीप से शनिवार को प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के लिये जा रहे थे। रास्ते में भदोही के औराई थाना क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 पर उनके वाहन का टायर 'पंक्चर' होने गया जिसके बाद कुछ लोग जीप से उतरकर सड़क पर खड़े हो गए। उन्होंने बताया कि तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ़्तार सवारी गाड़ी ने वहां खड़े लोगों को कुचलते हुए जीप को टक्कर मार दी।

### रसोई गैस सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के नौ लोग घायल

**बलरामपुर :** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में शनिवार को खाना बनाते समय एक घर में रसोई गैस सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के नौ लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसमें से तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी सहित अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर हालात का जायजा लिया और अस्पताल पहुंचकर घायलों के बेहतर इलाज के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए।

## वर्ग पहेली नं. 2999

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 | |
| ■ | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | | ■ |
| 8 | | | ■ | ■ | 9 | | ■ | 10 | 11 |
| | ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | 15 | ■ | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 | ■ | 20 | | |
| ■ | 21 | | ■ | 22 | | 23 | ■ | ■ | |
| ■ | | ■ | 24 | | ■ | 25 | | 26 | |
| 27 | | 28 | | ■ | 29 | | ■ | | ■ |
| | ■ | 30 | | | | ■ | 31 | | |

*बायें से दायें:-* 1) स्वीकृति, 3) अनुज; शिशु; ठिंगना, 5) व्यक्तिगत, 6) महसूल चोरी; *स्मगलिंग*, 7) देशस्तरीय; *नेशनल*, 8) थकाऊ; भारी; कठिन, 9) अँगूठा, 10) नियंत्रण; स्वामित्व, 12) जौ मद्य, 14) कंठस्थ, 16) आरोग्यलाभ; आराम; सांत्वना, 18) न्यायाधीश *(अंग्रेजी)*, 20) चंगुल; दबोच, 21) मानक; विकासअवस्था, 22) व्यक्तिगत; आत्मगत *(भाषण)*, 24) संकट, 25) शलभ; आज्ञापत्र; प्रेमी; जावकपत्र, 27) नियमबाह्यता, 29) भट्ठी में पकाया हुआ; *रोस्टेड*, 30) रंगढंग; लक्षण; शील; चरित्र; आचरण; *कैरेक्टर*, 31) हैरान; हक्का बक्का; अचंभित.

*ऊपर से नीचे:-* 2) अस्तव्यस्त, 3) छोटा चाकू, 4) ससुराल *(अपराधी बोल-चाल)*; कैदघर, 5) स्वाद, 8) भिन्न, 11) कसाईख़ाना, 13) ऋतुमती, 15) डग *(घोड़ा)*, 17) दख़लंदाज़ी, 19) विश्व, 23) गरमाना, 24) परिवर्तन, 26) *अग्नि शर्मा* नामक *(पूर्वनाम)* आदि महाकवि जो पूर्व में डाकू था, 27) वैकल्पिक, कोई और, 28) वाणी, 29) ग़लती. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ष | म | ता | ■ | प | हे | ली | ■ | म |
| शा | ■ | ■ | क | स | र | ■ | न | का | र |
| ल | ल | क | ■ | मा | शू | क | ■ | ■ | म्म |
| ■ | ■ | म | ग | ज | ■ | ह | र | क | त |
| स | बे | रा | ■ | ■ | औ | र | ■ | री | ■ |
| ■ | शु | ■ | दू | भ | र | ■ | त | ब | का |
| स | मा | न | ता | ■ | त | स | ल्ली | ■ | ■ |
| मो | र | ■ | वा | ह | ■ | म | न | सू | बा |
| सा | ■ | अ | स | र | दा | र | ■ | खा | ल |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2959

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | | | 6 | 1 |
| 2 | 5 | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| 4 | | | | | 2 | 5 | | |
| 1 | | | | 7 | | | | |
| | | 6 | | | | | 3 | |
| | 2 | | | | | 8 | | |
| | | | 6 | 4 | | | | |
| | | | 1 | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2958 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 1 | 9 | 8 | 6 | 7 | 4 | 5 |
| 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 |
| 1 | 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 4 | 9 | 5 | 7 | 6 | 1 | 2 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 5 | 1 | 4 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 5 | 2 | 4 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 4 | 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 |
| 7 | 6 | 3 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 2 |

# दिल्ली में भाजपा की जीत पर कोलकाता में जश्न, बंगाल में भी कमल खिलाने का दावा

❑ मिठाइयां बंटी, बजे ढोल-नगाड़े

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद कोलकाता में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। प्रदेश भाजपा कार्यालय, मुरलीधर सेन लेन के बाहर विजय उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इंद्रनील खान और उत्तर कोलकाता भाजपा अध्यक्ष तमोघ्नो घोष भी उपस्थित रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया और एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाईं।

भाजपा नेताओं ने दिल्ली चुनाव के नतीजों को ऐतिहासिक बताते हुए इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता की



निर्णायक जीत करार दिया। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि आने वाले विधानसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल की जनता भी तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ वैसा ही निर्णय लेगी जैसा दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ लिया है। उन्होंने कहा कि बंगाल के लोग अब तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार से तंग आ चुके हैं और वे बदलाव चाहते हैं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'नो वोट टू ममता' का नारा भी लगाया और बंगाल में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'मोदी, मोदी' के नारे लगाए।

### भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद की अस्वीकृति : सुकांत मजूमदार

बंगाल भाजपा ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी के अच्छे प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद की अस्वीकृति बताया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि दिल्ली का जनादेश विकास में लोगों के विश्वास को दर्शाता है और इससे अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा। मजूमदार ने कहा कि बंगाल के लोग अगले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को वोट देंगे और तृणमूल कांग्रेस को खारिज कर देंगे।

### अगर दिल्ली में बदलाव आ सकता है, तो बंगाल में भी होगा : शुभेंदु अधिकारी

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद पश्चिम बंगाल के विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को कहा कि अगर 27 साल बाद दिल्ली में सत्ता परिवर्तन हो सकता है, तो बंगाल में भी तृणमूल सरकार को हटाना संभव है। सभी विपक्षी दलों को एकजुट होकर तृणमूल को हराना चाहिए। शनिवार को पूर्व मेदिनीपुर जिले के महिषादल के देउलपोटा ग्राम पंचायत में एक जनसंयोग यात्रा के दौरान शुभेंदु अधिकारी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि डरने की जरूरत नहीं है। तृणमूल सरकार 2026 के बाद बंगाल की सत्ता में नहीं रहेगी।

### दिल्ली चुनाव के नतीजे का बंगाल में नहीं पड़ेगा कोई प्रभाव : कुणाल

इधर, दिल्ली चुनाव नतीजे पर तृणमूल सुप्रीमो व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि तृणमूल के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने कहा कि दिल्ली चुनाव के नतीजे का अगले साल बंगाल में होने वाले चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी ही चौथी बार बंगाल की मुख्यमंत्री बनेंगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि तृणमूल 2026 विधानसभा चुनाव में 250 से भी ज्यादा सीटों पर विजयी होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दूसरे राज्यों में क्या होता है, इससे बंगाल में कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

# भागवत ने आरजीकर पीड़िता के माता-पिता से की मुलाकात

कोलकाता, समाज्ञा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की उस महिला चिकित्सक के माता-पिता से मुलाकात की जिसकी यहां पिछले साल अगस्त में दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। आरएसएस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। माता-पिता के अनुरोध के बाद भागवत ने राजारहाट के एक गेस्ट हाउस में कुछ समय के लिए उनसे बात की। पदाधिकारी ने कहा कि भागवत ने पीड़िता के साथ की गई क्रूरता के बारे में सुनकर दुख व्यक्त किया और माता-पिता के प्रति एकजुटता व्यक्त की। पीड़िता की



मां ने उन्हें मृतका को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई जारी रखने की अपनी इच्छा के बारे में बताया, तो भागवत ने प्रभावित परिवार के प्रति समर्थन का वादा करते हुए कहा कि यह 'वर्तमान में समय की जरूरत' है। बता दें कि मृतका की मां ने भागवत की यात्रा के बारे में जानने के बाद उनसे मिलने का अनुरोध किया था।

## कॉलेज सर्विस कमीशन की परीक्षा में 3,282 उम्मीदवार हुए उत्तीर्ण

कोलकाता, समाज्ञा

कॉलेज सर्विस कमीशन ने शनिवार को सात सप्ताह बाद अपनी सेट परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा में कुल 58,867 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया था। जिनमें से 3,282 उम्मीदवार सफल हुए हैं। उम्मीदवार अब आयोग की आधिकारिक वेबसाइट से अपना परिणाम देख सकते हैं। सफल उम्मीदवार मार्च के पहले सप्ताह से अपना प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा, कॉलेज सर्विस कमीशन ने जानकारी दी कि इस वर्ष दिसंबर में फिर से सेट परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा विभिन्न कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है।

# सरकारी अस्पतालों में सेवाओं की निगरानी करेगा तृणमूल का नया चिकित्सा संगठन

## आंदोलन के नाम पर सेवाएं बाधित की गईं तो संगठन चुप नहीं बैंठेगा : शशि पांजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** यदि आंदोलन के नाम पर सरकारी अस्पताल सेवाएं बाधित की गईं तो तृणमूल कांग्रेस का नया चिकित्सा संगठन प्रोग्रेसिव हेल्थ एसोसिएशन, चुप नहीं बैठेगा। यह दावा संगठन की अध्यक्ष एवं राज्य की मंत्री शशि पांजा ने किया। शशि पांजा के नेतृत्व में शनिवार को उत्तर कोलकाता के बिनानी भवन में बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठनात्मक कार्यों के अलावा जिला स्तर पर यह भी जांच की जाएगी कि कोलकाता और राज्य के सरकारी अस्पतालों में आम जनता को चिकित्सा सेवाएं मिल रही हैं या नहीं। यदि आंदोलन या विरोध के नाम पर सरकारी अस्पतालों में सेवाएं बंद करने का



प्रयास किया गया तो संगठन इसका भी जवाब देगा। शशि पांजा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं, स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य विकास पर हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। यदि आम लोगों को कोई नुकसान होता है, यदि वे स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित होते हैं, तो प्रगतिशील स्वास्थ्य संघ चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने कहा कि हम चिकित्सा सेवाओं पर समझौता नहीं कर सकते। सरकारी डॉक्टरों और सरकारी कर्मचारियों की जिम्मेदारियां हैं। तद्नुसार, हम जिला दर जिला जाएंगे। मेडिकल कॉलेज के छात्र हमें बुलाएंगे और हम भी जाकर स्थिति देखेंगे। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि हमने चार या पांच सरकारी अस्पतालों के नाम तय कर लिए हैं जहां प्रोग्रेसिव हेल्थ एसोसिएशन के प्रतिनिधि जाएंगे। वहां जिला प्रतिनिधियों के साथ एक कार्यक्रम होगा। इलाज उन लोगों की राजनीति का इंतजार नहीं कर सकता जो हमारा विरोध करते हैं।

# अब कोलकाता में सड़कों पर गुटखा और पान खाकर थूकने पर लग सकता है जुर्माना

❑ **विधानसभा के बजट सत्र में बंगाल सरकार लाएगी संशोधन कानून**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में अब जहां-तहां पेशाब करने और पान-गुटखा खाकर जहां-तहां थूकने वालों की खैर नहीं है। सार्वजनिक जगहों पर थूकने पर कोलकाता नगर निगम भारी जुर्माना लगाने की तैयारी में है। यह जानकारी कोलकाता के मेयर व राज्य के शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम ने दी। राज्य सरकार के सूत्रों के अनुसार, 10 फरवरी से शुरू हो रहे विधानसभा के आगामी बजट सत्र में इसको लेकर एक नया संशोधन कानून लाया जाएगा। इस कानून में ऐसे लोगों के लिए भारी जुर्माने का



प्रावधान होगा। मेयर ने बताया कि कोलकाता को गंदा करने में स्ट्रीट फूड वेंडरों का भी हाथ है। ऐसे खाद्य पदार्थ विक्रेता कूड़ेदान तक नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा कि कोलकाता में जहां-तहां पेशाब करने वाले, थूकने वाले व कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके लिए कानून भी है, पर वैसे लोग जो गाड़ी से थूक फेंकते हैं। वैसे लोगों पर जुर्माना लगाये जाने का कानून नहीं है। ऐसे में कानून में संसोधन कर अब ऐसे वाहनों को भी पकड़ा जाएगा। मेयर ने कहा कि कानून में संशोधन किए जाने से पहले कोलकाता के लोगों को जागरूक भी किया जाएगा। जगह-जगह बांग्ला, हिंदी व अंग्रेजी भाषा में होर्डिंग्स लगाए जाएंगे। होर्डिंग्स व बैनरों के जरिए लोगों को जहां-तहां ना थूकने की हिदायत दी जाएगी। इसके बाद भी नियमों का उल्लंघन करने वालों से जुर्माना वसूला जाएगा। मेयर ने बताया कि कई जगहों पर बांग्ला भाषा में लिखे होर्डिंग्स लगा दिए गये हैं।

❑ **हर बार एक हजार का जुर्माना**

हालांकि, जुर्माने की सही राशि अभी तय नहीं हुई है। सूत्रों का कहना है कि हर बार इस तरह के अपराध के लिए 1,000 रुपये का जुर्माना हो सकता है। बंगाल में पहले से ही सार्वजनिक स्थानों पर थूकना निवारण अधिनियम, 2003 लागू है। इसमें सार्वजनिक जगहों पर थूकने पर अधिकतम 200 रुपये का जुर्माना है। लेकिन, इस कानून के व्यावहारिक रूप से लागू होने और कम जुर्माने के कारण आदतन अपराधियों पर इसके डर के बारे में सवाल उठते रहे हैं। शायद, इसीलिए नए विधेयक में जुर्माने की राशि को कम से कम पांच गुना बढ़ाने का प्रस्ताव है। हालांकि, सवाल यह है कि क्या संबंधित प्रवर्तन एजेंसियां इसे प्रभावी ढंग से लागू कर पाएगी।

# बंगाल सरकार ने कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए निवेश तालमेल समिति गठित की

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने शनिवार को परियोजना प्रस्तावों के क्रियान्वयन में तेजी लाने और राज्य में कारोबारी सुगमता के लिए एक निवेश तालमेल समिति का गठन किया। बता दें कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन के दौरान राज्य में कारोबारी सुगमता के लिए समिति गठित करने की घोषणा थी, जिसके दो दिन बाद इस आशय की अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय निवेश तालमेल समिति (एसएलआईएससी) निवेश प्रस्तावों के लिए एकल खिड़की मंजूरी प्रणाली के रूप में कार्य करेगी तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर मंजूरी सुनिश्चित करेगी। इस पहल का उद्देश्य



राज्य में औद्योगिक परियोजनाओं और अन्य निवेशों के लिए आवश्यक मंजूरी और अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना है। एसएलआईएससी में उद्योग, वाणिज्य और उद्यम, पर्यावरण, वित्त, श्रम और शहरी विकास सहित 19 विभागों के प्रमुख शामिल होंगे। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्य सचिव आवश्यकतानुसार अन्य संबंधित विभागों के प्रमुखों को भी इसमें शामिल कर सकते हैं। अधिसूचना के अनुसार, एसएलआईएससी के मुख्य उद्देश्यों में 'एकल-बिंदु इंटरफेस, सभी निवेश प्रस्तावों और व्यापार-संबंधित सेवाओं के लिए एक केंद्रीकृत मंच प्रदान करना' शामिल है। मंजूरी अधिकतम एक महीने के भीतर दी जानी है। अधिकारी ने बताया कि समिति लंबित आवेदनों की समीक्षा करने तथा वास्तविक समय में समस्याओं का समाधान करने के लिए पाक्षिक रूप से बैठक करेगी। उद्यमी तथा निवेशक भी इन बैठकों के दौरान अपनी परियोजनाओं को प्रस्तुत कर सकते हैं, ताकि प्रश्नों का तत्काल समाधान हो सके। राज्य स्तरीय समिति के अलावा, जिला स्तर पर जिला अधिकारी (डीएम) के नेतृत्व में निवेश तालमेल समितियां (आईएससी) बनाई जाएंगी।

## हॉर्न बजाने को लेकर हुए विवाद में युवकों के बीच हाथापाई, किक बॉक्सिंग चैंपियन गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के अलिपुर क्षेत्र में बुधवार रात को हॉर्न बजाने को लेकर हुए विवाद में सड़क पर कुछ युवकों के बीच लड़ाई हो गई। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए। आरोप है कि एक युवक ने लगातार हॉर्न बजाया, जिस पर तीन कार सवारों से उसकी बहस हो गई। बहस के बाद मामला हाथापाई तक पहुंच गया और तीनों घायलों को गंभीर चोटें आई। पुलिस ने मामले में किक बॉक्सिंग के राष्ट्रीय चैंपियन अमन चौधरी को गिरफ्तार किया है। अमन के अनुसार, तीनों कार सवार युवक शराब के नशे में थे और उन्होंने पहले उसे गालियां दी, फिर उस पर हमला किया। इसके बाद अमन ने अपनी किक बॉक्सिंग तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए उन पर पलटवार किया। घटना के समय अमन अपनी



बाइक से एक लाल सिग्नल पर रुकी कार के पीछे खड़ा था और लगातार हॉर्न बजा रहा था। इसके बाद कार सवारों से बहस होने पर सड़क पर झगड़ा शुरू हो गया। घायल हुए लोगों ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक का नंबर ट्रैक कर अमन को गिरफ्तार किया। शुक्रवार को उसे अदालत में पेश किया गया, जहां उसे 12 फरवरी तक पुलिस कस्टडी में भेजने का आदेश दिया गया है।

# दम घोंटकर मारा गया, निजी अंगों पर भी चोट के निशान

❑ **न्यूटाउन में नाबालिग की हत्या के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यूटाउन के लोहे के पुल के पास शुक्रवार की सुबह एक झाड़ी में नाबालिका का अर्धनग्न शव बरामद हुआ। शनिवार को मिली प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि लड़की की हत्या गला घोंटकर की गई, जबकि उसके निजी अंगों पर भी चोटों के निशान मिले हैं। पुलिस इस मामले में गहन जांच कर रही है और दो संदिग्ध युवकों की तलाश जारी है। पुलिस ने इलाके के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। एक फुटेज में नाबालिका दो युवकों के बीच एक बाइक पर बैठी नजर आई है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि ये दोनों युवक कौन हैं और लड़की उनके साथ कहां जा रही थी। पुलिस ने बागुईआटी, केष्टोपुर और अन्य इलाकों की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, लड़की के गले पर दबाव के स्पष्ट निशान मिले हैं, जिससे यह पुष्टि होती है कि उसकी हत्या दम घोंटकर की गई। इसके अलावा, उसके निजी अंगों पर भी गंभीर चोटें पाई गई हैं, जिससे दुष्कर्म की आशंका को बल मिला है। नाबालिका के शरीर पर नाखून के गहरे खरोंच भी देखे गए हैं, खासकर उसके सीने और अन्य हिस्सों पर। हालांकि, विस्तृत रिपोर्ट के बिना जांचकर्ता अंतिम निष्कर्ष तक नहीं पहुंचे हैं।

पुलिस जांच में पता चला है कि मृत लड़की मूल रूप से न्यूटाउन के श्यामनगर इलाके की रहने वाली थी, लेकिन वह हाल ही में गौरांगनगर में एक किराए के घर में रह रही थी। पुलिस गौरांगनगर से लेकर यातागाछी तक के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है, जहां उसे बाइक पर दो युवकों के साथ देखा गया था। यह अब भी स्पष्ट नहीं है कि मृतका इन दोनों युवकों को पहले से जानती थी या उनकी पहचान कैसे हुई। क्या ये दोनों युवक इस हत्या के पीछे हैं? क्या लड़की को पहले अगवा किया गया? पुलिस इन सभी सवालों के जवाब तलाश रही है।

## स्कूल जाते समय 7 साल की बच्ची को डंपर ने कुचला, गुस्साएं लोगो ने किया प्रदर्शन

**कोलकाता :** नदिया जिले के चाकदह थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में सात साल की स्कूल छात्रा की मौत हो गई। मृत बच्ची का नाम प्रीति घोष(7) था। मिली जानकारी के अनुसार, बच्ची उस दिन स्कूल जा रही थी। घटना के समय, प्रीति घर के बाहर सड़क पर खड़ी थी की तभी तेज रफ्तार से आ रही एक डंपर ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग गुस्से में सड़क पर उतर आए। उनका कहना था कि यहां तेज गति से वाहन चलते हैं, जिससे दुर्घटनाएं होती रहती हैं। खबर मिलते ही मौके पर चाकदह थाना की पुलिस पहुंची और स्थानीय निवासियों से बातचीत की। उन्होंने बच्ची के परिवार से भी मुलाकात की। पुलिस ने आश्वासन दिया कि इलाके में वाहनों की गति को नियंत्रित किया जाएगा। इस हादसे के बाद डंपर और उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले की जांच जारी है।

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट मामले में फरार मालिक गिरफ्तार

## पहुंची फोरेंसिक टीम, विस्फोट के कारणों का लगाएगी पता

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कल्याणी इलाके में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट की घटना में पुलिस ने फरार मालिक खोकन बिश्वास को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में पता चला है कि विस्फोट के समय खोकन फैक्ट्री में मौजूद था और उसे हल्की चोटें आई थीं। उसके बाद वह वहां से भाग गया था। उसने अपना मोबाइल फोन भी बंद कर दिया था। पुलिस उसकी तलाश में जगह-जगह छापामारी कर रही थी। अंतत: खोकन के एक परिचित से मिली जानकारी के आधार पर उसे पकड़ लिया गया। खोकन को सितंबर, 2023 में भी



निर्धारित सीमा से तेज आवाज वाले पटाखे तैयार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उस समय वह सात दिन जेल में भी रहा था। मालूम हो कि शुक्रवार की दोपहर हुए विस्फोट में फैक्ट्री में काम करने वाली चार महिलाओं की मौत हो गई थी व एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हुई थी। उसका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है और हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। कल्याणी से भाजपा विधायक अंबिका राय ने पटाखा फैक्ट्री के अवैध होने का दावा करते हुए घटना की एनआईए जांच की मांग की है। दूसरी तरफ, पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट की जांच के लिए शनिवार को फोरेंसिक टीम के अधिकारी कल्याणी के रथतला में अवैध पटाखा फैक्ट्री पहुंचे। वहीं, पुलिस भी इस घटना को लेकर जांच कर रही है।

# पुलिस निरीक्षकों के स्वास्थ्य और कार्य का मूल्यांकन किया जाएगा, आदेश जारी

## दिशानिर्देशों में निरीक्षकों के मूल्यांकन के मानदंड भी निर्दिष्ट किये गये

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य पुलिस प्रमुख निरीक्षकों के कार्य और स्वास्थ्य का मूल्यांकन करना चाहते हैं। सूत्रों के अनुसार, इस संबंध में राज्य पुलिस के एडीजी (कानून एवं व्यवस्था) के निर्देश पिछले सप्ताह पुलिस की हर इकाई प्रमुख को भेजे गए थे। इकाई प्रमुखों को अगले सप्ताह तक अपने अधीनस्थ निरीक्षकों का मूल्यांकन पूरा कर सीआईडी मुख्यालय भवानी भवन भेजने को कहा गया है। गौरतलब है कि वर्तमान में, पुलिस कर्मियों के लिए वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट या एसीआर की व्यवस्था है। जहां वरिष्ठ अधिकारी स्वयं कार्य का मूल्यांकन करते हैं। एडीजी कानून व्यवस्था की ओर से पिछले सप्ताह भेजे गए आदेश में कहा गया है कि पहली रिपोर्ट इसी माह भेजी जाए, लेकिन अगले साल से इसे अप्रैल के अंतिम सप्ताह में भेजना होगा। साथ ही, यूनिट प्रमुख या प्रभारी को व्यक्तिगत रूप से रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया है। कुछ पुलिस अधिकारियों का मानना है कि भवानी भवन इस मूल्यांकन के जरिए निरीक्षकों की कार्यकुशलता को परखने की कोशिश कर रहा है। ताकि बाद में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां कुशल लोगों को सौंपी जा सकें। सूत्रों का दावा है कि दिशानिर्देशों में निरीक्षकों के मूल्यांकन के मानदंड भी निर्दिष्ट किये गये हैं। दिशा-निर्देशों में उनके काम में ईमानदारी, साइबर अपराध के ज्ञान, अपराध की रोकथाम में सक्रियता, जनता को नियंत्रित करने में उनकी कुशलता, पुलिस स्टेशन चलाने में उनका अनुभव और शारीरिक रूप से वे कितने स्वस्थ और सक्रिय हैं, इसका मूल्यांकन करने को कहा गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिशा-निर्देशों में एक से 10 के बीच रेटिंग मांगी गई है।

❑ **राज्य पुलिस में कुल निरीक्षकों की संख्या लगभग 1,500**

राज्य पुलिस में कुल निरीक्षकों की संख्या लगभग 1,500 है। उनमें से एक बड़ा हिस्सा पुलिस स्टेशन आइसी के पद पर हैं। बाकी राज्य पुलिस की एसटीएफ, सीआईडी, साइबर विंग, बटालियन या अन्य विभागों में हैं। आरोप है कि कुछ मामलों में पुलिस स्टेशन के ओसी से आईसी तक का स्थानांतरण राजनीतिक अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में, जबकि पुलिस प्रमुख बल के निरीक्षकों के कार्य और स्वास्थ्य का मूल्यांकन कर रहे हैं, बल के एक वर्ग में यह प्रश्न बना हुआ है कि भविष्य में यह कितना उपयोगी होगा।

# कोलकाता साइबर ठगी मामला: निवेश धोखाधड़ी में दो आरोपी गिरफ्तार


**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस की साइबर थाना ने निवेश धोखाधड़ी मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शिकायतकर्ता मुनिरा सफदर, निवासी न्यू उखढ रोड, थाना बऊबाजार, को हाई रिटर्न का लालच देकर धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया था। आरोपियों ने उन्हें निवेश करने के लिए प्रेरित किया और एक प्रसिद्ध अमेरिकी बैंक व सेबी द्वारा जारी दस्तावेजों का फर्जीवाड़ा कर उनका विश्वास जीता। धीरे-धीरे, उन्होंने शिकायतकर्ता से 9.15 लाख रूपये ठग लिए।

इस मामले में पहले ही छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था। जांच के दौरान, साइबर पुलिस को 1.5 लाख रूपये की दो किश्तों में किए गए संदिग्ध ट्रांजैक्शन (29.04.24 व 30.04.24) का सुराग मिला, जो हावड़ा की एक वृद्ध



महिला के बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए थे। जब इस खाते की गतिविधियों पर नजर रखी गई, तो पुलिस को इसके पीछे दो संदिग्धों की भूमिका मिली, जो न केवल इस खाते को नियंत्रित कर रहे थे, बल्कि ऐसे कई अन्य बैंक खातों का संचालन भी कर रहे थे। जांच में पता चला कि ये दोनों ठग धोखाधड़ी की



राशि को कई बैंक खातों के जरिए घुमाने का काम करते थे।

साइबर पुलिस पिछले तीन-चार महीनों से इनकी गतिविधियों पर नजर रख रही थी। दोनों आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे ताकि पकड़ में न आएं। आखिरकार, राजरहाट स्थित वेदिक विलेज, आइवी ग्रीन्स, ब्लॉक-9, फ्लैट-3-



में रातभर चली छापेमारी के दौरान पुलिस को सफलता मिली।

पुलिस ने शनिवार की सुबह 06:48 बजे अभिषेक तिवारी (42) निवासी 39-/21, प्रिंस गुलाम मोहम्मद शाह रोड, थाना जादवपुर, और तीस्ता सेन (40) पुत्री मिलन सेन, निवासी 42/1ग, प्रिंस गुलाम हुसैन शाह रोड, को गिरफ्तार किया।

इनके पास से पुलिस ने सात मोबाइल फोन, 59 सिम कार्ड, 19 स्टैंप, 31 बैंक एटीएम कार्ड, 9 पैन कार्ड, एक लैपटॉप, एक एक्सटर्नल हार्ड डिस्क, एक इंटरनल हार्ड डिस्क, एक फिंगरप्रिंट स्कैनर, 17 चेक बुक, दो पासबुक, कई ट्रेड लाइसेंस और कोलकाता नगर निगम से जुड़े दस्तावेज, 3 लाख रूपये नकद (500 के 600 नोट) बरामद किए हैं।

इसके अलावा, पुलिस को एक एक्सेल फाइल (सॉफ्ट कॉपी व प्रिंटेड हार्ड कॉपी) मिली, जिसमें 245 बैंक खातों की गोपनीय जानकारी जैसे कि खाते के नंबर, मोबाइल नंबर, जीमेल आईडी, पासवर्ड आदि दर्ज थे।

पुलिस अब पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है और संभावना है कि इस गिरोह के और भी सदस्य जल्द ही गिरफ्त में आ सकते हैं।



# बीएसएफ जवानों ने दिया मानवीयता का परिचय



**कोलकाता :** बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत की 115वीं वाहिनी की सीमाचौकी बाजितपुर के जवानों ने पश्चिम बंगाल के जिला मुर्शिदाबाद में भारत-बांग्लादेश अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर 6-7 फरवरी की मध्यरात्रि के समय एक संदिग्ध घायल व्यक्ति को अचेत अवस्था में पाकर मानवीयता का परिचय दिया और त्वरित कारवाई करते हुए नजदीकी मेहसिल ग्रामीण अस्पताल जिला मुर्शिदाबाद में पहुंचाया। उपस्थित चिकित्सकों ने जाँच के बाद उस अचेत घायल व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया।

6-7 फरवरी की मध्यरात्रि को लगभग 1.40 बजे, बीएसएफ 115वीं वाहिनी की सीमाचौकी बाजितपुर के जवान ने रात्रि ड्यूटी के समय रात्रि दृष्टि उपकरण से भागीरथी नदी के किनारे 4-5 संदिग्ध व्यक्तियों अपनी ड्यूटी स्थान से कुछ दूरी पर आपस में झगड़ते हुए देखा। जवान ने तत्काल कारवाई करते हुए ड्यूटी पर तैनात अपने अन्य साथियों को सचेत किया व एक साथी के साथ उन संदिग्ध व्यक्तियों की ओर दौडा। जवानों को अपनी ओर आता देख संदिग्ध व्यक्ति अँधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। घटनास्थल पर पहुंचने पर बीएसएफ जवानों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को घायल और अचेत अवस्था में पाया। जवानों ने त्वरित कारवाई करते हुए घटना की जानकारी सीमाचौकी के कम्पनी कमांडर को दी। कंपनी कमांडर अन्य जवानों के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और संदिग्ध व्यक्ति को बीएसएफ के वाहन से तुरंत पास के महसील ग्रामीण अस्पताल में पहुंचाया गया। दुर्भाग्यवश व्यक्ती की जान नहीं बचायी जा सकी और चिकित्सकों ने जाँच के बाद उस घायल व अचेत संदिग्ध व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया।

संदिग्ध मृत व्यक्ति के शव व घटना स्थल से एक तेज चाकू के अतिरिक्त ऐसा कुछ भी नहीं मिल पाया जिस के आधार पर उसकी नागरिकता और पहचान स्थापित हो सके। व्यक्ति के शव को आगे की कार्यवाही के लिए सम्बंधित पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है। मृत व्यक्ति और उसके साथ देखे गए व्यक्तियों व घटना स्थल पर उनकी मौजूदगी के प्रति कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। इस विषय पर पुख्ता तौर पर जाँच के बाद ही कुछ कहना संभव होगा। घटनास्थल और भागीरथी नदी के इस निर्जन बलूयाही इलाके का जो अंतराष्ट्रीय सीमा से काफी दूरी पर है, आपराधिक तत्वों की सक्रियता देखी जाती रही है। संभवतया व्यक्ति की मृत्यु अपने आपराधिक साथियों के साथ आपसी विवाद के कारण हुई है।

बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसूचना अधिकारी ने इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया की बीएसएफ न केवल देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि मानव जीवन की रक्षा और सहायता के लिए भी सदैव तत्पर है। संदिग्ध गतिविधि देखकर तैनात जवानो ने त्वरित कार्यवाही की और हर सम्भव मदत का प्रयास किया।

# टॉलीवुड के सेलिब्रिटी फोटोग्राफर के नाम पर एक युवतियों से 'दुष्कर्म', एक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** टॉलीवुड के प्रसिद्ध सेलिब्रिटी फोटोग्राफर तथागत घोष के नाम का इस्तेमाल कर एक के बाद एक युवतियों के साथ धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवतियों ने पोटफोलियो बनाने के बहाने दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। यह मामला जादवपुर थाना में सामने आया है। जहां शुक्रवार को तथागत घोष ने खुद पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। तथागत घोष, अपनी फोटोग्राफी के लिए प्रसिद्ध हैं। तथागत घोष ने शिकायत दर्ज करायी कि प्रतीक पाल उर्फ सायन और तपन पाल उर्फ अनिकेत बसु ने उनकी पहचान का गलत फायदा उठाया है।

सायन उत्तर 24 परगना के टिटागढ़ और तपन नाईहाटी का निवासी है। आरोप है कि दोनों युवकों ने तथागत घोष के नाम का इस्तेमाल कर एक से अधिक युवतियों से धोखाधड़ी की। इन युवतियों का कहना है कि पोटफोलियो बनाने के नाम पर इन युवकों ने उन्हें अलग-अलग स्थानों पर बुलाया और वहां फोटो खींचने के बहाने दुष्कर्म किया। इसके साथ ही उन्हें टॉलीवूड में काम दिलवाने का वादा भी किया। जब युवतियों ने इन युवकों के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का निर्णय लिया, तो आरोपियों ने उन्हें धमकी भी दी। जिसके बाद, युवतियों ने प्रसिद्ध फोटोग्राफर तथागत घोष से संपर्क किया और उन्हें सारी घटनाओं के बारे में बताया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## काशी मित्र श्मशान घाट 14 दिनों के लिए रहेगा बंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के सबसे व्यस्त श्मशानों में से एक, काशी मित्र घाट के विद्युतीय चुल्ही की मरम्मत कार्य के लिए 14 दिनों के लिए बंद रहेगा। कोलकाता नगर निगम ने इस संबंध में एक नोटिस जारी कर बताया कि विद्युत चुल्ही को मरम्मत और रखरखाव के लिए बंद किया जा रहा है। आगामी शुक्रवार, 21 फरवरी को घाट पूरी तरह से बंद रहेगा। हालांकि, 21 फरवरी को सुबह 11 बजे के बाद दाहक्रिया की प्रक्रिया पुनः शुरू कर दी जाएगी। इस चुल्ही के बंद होने के कारण आम लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। नगर निगम के सूत्रों के मुताबिक, मरम्मत के काम के साथ-साथ श्मशान के अन्य जरूरी कार्य भी इसी समय में किए जाएंगे। इस कार्य को शुक्रवार, 7 फरवरी से शुरू किया जा चुका है।

## बांगलादेश लौट रहे दो घुसपैठ स्वरूपनगर में गिरफ्तार, बीएसएफ ने की कार्रवाई



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के स्वरूपनगर क्षेत्र में शनिवार की सुबह बीएसएफ द्वारा दो बांगलादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम मिलन हुसैन और जोत्स्ना अख्तर हैं। इन दोनों के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं थे और ये भारत में प्रवेश कर चुके थे। बाद में वे दिल्ली में काम करने के बाद बांगलादेश लौटने की योजना बना रहे थे। शनिवार सुबह दोनों स्वरूपनगर के भारत-बांगलादेश ताराली सीमा पार करने की कोशिश कर रहे थे, तभी बीएसएफ के जवानों ने उन्हें पकड़ लिया और उनके दस्तावेज की जांच की। जब जवानों ने उनसे पूछताछ की, तो उन्होंने अपनी पहचान खुलासा करते हुए बताया कि वे बांगलादेशी नागरिक हैं। इसके बाद बीएसएफ ने उन्हें स्वरूपनगर पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को बशीरहाट अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पुलिस कस्टडी में भेजने का आदेश दिया गया है।

## महिला क्रिकेट डीआरएम कप पर आरपीएफ टीम ने जमाया कब्जा




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे अंतर्गत सियालदह मंडल ने अपने अंतर-विभागीय महिला क्रिकेट डीआरएम कप का सफलतापूर्वक समापन किया। शुक्रवार को फाइनल मैच रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और इलेक्ट्रिक जनरल विभाग के बीच खेला गया। बेहद करीबी मुकाबले में आरपीएफ टीम ने अपने असाधारण क्रिकेट कौशल और टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर कप पर कब्जा जमाया। समापन समारोह में सियालदह के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) दीपक निगम ने विजेता व उपविजेता टीम को कप प्रदान किया। उन्होंने टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी टीमों को बधाई दी और महिला कर्मचारियों के उत्साह और खेल भावना की सराहना की। एक बयान में बताया गया कि 29 जनवरी को शुरू हुए इस टूर्नामेंट में डिवीजन के विभिन्न विभागों की 13 टीमों ने भाग लिया। डीआरएम दीपक निगम के मार्गदर्शन और मंडल खेल अधिकारी अभय कुमार के नेतृत्व में इस अंतर-विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बयान में बताया गया कि यह आयोजन महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने और अपनी महिला कर्मचारियों को खेलों में भाग लेने और स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करने की सियालदह मंडल की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। डीआरएम ने कहा कि सियालदह मंडल अपने कर्मचारियों को खेल और अन्य पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए भविष्य में ऐसे और अधिक आयोजन करने की योजना बना रहा है।

## बीजेपी की दिल्ली में जीत पर हावड़ा में खुशी का माहौल



**हावड़ा, समाज्ञा :** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर हावड़ा के बीजेपी कार्यकर्ता और समर्थक खुशी से झूम उठे। हावड़ा के फोरशोर रोड के पास इस खुशी का इजहार करते हुए बीजेपी कार्यकर्ता और समर्थक लड्डू बांटते नजर आए। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने विजय के जश्न में अकाल होली का आयोजन किया और ढोल की थाप पर नाचते हुए उत्सव मनाया। इस दौरान आतिशबाजी भी फोड़ी गई और राह चलते लोगों को लड्डू खिला कर मिठाई का स्वाद चखाया गया। बीजेपी की दिल्ली में जीत ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच उत्साह का माहौल बना दिया, और पूरे इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई।

## 'इंडियन आइडल' के मंच पर शुभाजीत का जादू, 'बड़ा नाम करेंगे' के टाइटल ट्रैक से जीता सबका दिल!

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'इंडियन आइडल' का हालिया एपिसोड दर्शकों के लिए एक खास और भावनात्मक अनुभव था। कंटेस्टेंट शुभाजीत ने 'बड़ा नाम करेंगे' के टाइटल ट्रैक को इतनी भावनाओं के साथ गाया कि हर किसी का दिल छू लिया। शो के शोरनर सूरज आर. बड़जात्या, निर्देशक पलाश वसवानी, कलाकार आयशा कादुस्कर और संगीतकार अनुराग सैकिया भी इस मौके पर मौजूद थे। पश्चिम बंगाल के छोटे से गांव चंगुआल के शुभाजीत की संघर्षपूर्ण यात्रा प्रेरणादायक है। पान की दुकान चलाकर परिवार की जिम्मेदारी निभाने वाले शुभाजीत ने कभी अपने संगीत के सपने को नहीं छोड़ा। इस एपिसोड का सबसे भावुक पल तब आया जब उनके माता-पिता मंच पर आए और खुशी के आंसू छलक पड़े। शुभाजीत ने कहा, यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। मेरे माता-पिता के साथ यह पल बिताना सबसे बड़ी खुशी है। उनका यह सफर यह साबित करता है कि सच्ची मेहनत से कोई भी सपना सच हो सकता है।

## डिजिट लाइफ इंश्योरेंस ने पश्चिम बंगाल में विस्तार की बनाई योजना

**कोलकाता, समाज्ञा :** डिजिट लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने पश्चिम बंगाल में अपने विस्तार के लिए योजनाएं बनाई हैं। कोलकाता में आयोजित एक बिजनेस समिट में, कंपनी ने विकास रणनीतियों पर चर्चा की और उच्च प्रदर्शन करने वाले एजेंटों को सम्मानित किया। चीफ बिजनेस ऑफिसर - रिटेल संदीप भारद्वाज के नेतृत्व में, डिजिट लाइफ ने महज 16 महीनों में 1,000 करोड़ रुपये का राजस्व और 1 बिलियन रुपये से अधिक के दावों का निपटान किया। कंपनी ने कोलकाता के पार्क स्ट्रीट में एक नया ऑफिस खोला और सिलीगुड़ी में एक और खोलने की योजना बनाई है। भारद्वाज ने कहा, कोलकाता और पश्चिम बंगाल में विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। डिजिट लाइफ की सफलता के साथ, बीमा उत्पादों के प्रति बढ़ती जागरूकता और बढ़ते मध्यम वर्ग के कारण कोलकाता एक प्रमुख बाजार बन गया है। एच1एफवाई25 में कंपनी ने 488% की वृद्धि दर्ज की है।

## स्कूल से बच्चों को लेकर जा रही बस पलटी, छह बच्चे घायल



**कोलकाता, समाज्ञा :** डायमंड हार्बर में एक दर्दनाक स्कूल बस दुर्घटना में 6 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना डायमंड हार्बर के एक इंग्लिश मीडियम स्कूल की स्कूल बस की है। मिली जानकारी के अनुसार, स्कूल के बाद बस बच्चों को लेकर रायडिघी की ओर जा रही थी। रास्ते में उस्ती थाना क्षेत्र के सरबेड़िया के पास एक टोटो अचानक बस के सामने आ गया, जिससे चालक बस पर नियंत्रण खो बैठा और बस पलट गई। इस दुर्घटना में बस में सवार छह बच्चों को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद उस्ती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पूर्व रेलवे का प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में विशेष टिकट जांच अभियान संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा कुछ स्टेशनों पर विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक डॉ. उदय शंकर झा के नेतृत्व में 6 और 7 फरवरी को जसीडीह, बासुकीनाथ, दुमका, मधुपुर, सिमुलतला और झाझा स्टेशनों पर बड़े पैमाने पर यह अभियान चलाया गया। 6 फरवरी को जसीडीह-दुमका-देवघर खंड में 36 टिकट जांच कर्मचारियों ने 284 पेनल्टी मामले पकड़े, 110 संदिग्ध यात्रियों का पता लगाया और 9 बिना टिकट सामान के मामले दर्ज किए, जिनकी कुल संख्या 403 रही। 7 फरवरी को मधुपुर- जसीडीह-सिमुलतला-झाझा खंड में 45 कर्मचारियों ने 738 पेनल्टी मामले पकड़े, 75 संदिग्ध यात्रियों का पता लगाया और 2 बिना टिकट सामान के मामले दर्ज किए, जिससे कुल मामलों की संख्या 815 हो गई। इस अभियान ने न केवल रेलवे नियमों के पालन को सुनिश्चित किया, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के प्रति भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया। प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने कर्मचारियों की मेहनत की सराहना करते हुए यात्रियों को वैध टिकट खरीदने के लिए आईआरसीटीसी वेबसाइट, मोबाइल ऐप और अन्य सुविधाओं का उपयोग करने का आह्वान किया।

## बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने महिलाओं के लिए 'हेरिजोन केयर' हेल्थ इंश्योरेंस प्लान किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने महिलाओं के लिए 'हेरिजोन केयर' नामक भारत का पहला कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ इंश्योरेंस प्लान लॉन्च किया है। यह योजना महिलाओं की विशेष स्वास्थ्य और वेलनेस आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। इसमें दो प्रमुख कवर- 'वीटा शील्ड' और 'क्रैडल केयर' शामिल हैं। हेरिजोन केयर' पॉलिसी में महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य, मातृत्व खर्च, बांझपन इलाज, सरोगेसी, अडॉप्शन खर्च, और प्रोफिलैक्टिक सर्जरी जैसे विशेष कवर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, यह यौन उत्पीड़न, अपहरण, एसिड अटैक के कानूनी खर्चों को भी कवर करती है और लिव-इन पार्टनर को भी कवरेज प्रदान करती है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य का ध्यान रखना और उन्हें हर पहलू में सुरक्षा प्रदान करना है। बजाज आलियांज ने इसे महिलाओं की यात्रा के हर चरण में उनके लिए समर्थन देने के रूप में देखा है।

## झुंझुनूंवाली श्री दादीजी के जीवन पर आधारित मोटी सेठानी फिल्म का निर्माण



**कोलकाता :** शेयर मार्केट और कपड़ा व्यवसाय से जुड़े प्रतिष्ठित एजेंट राणा संजय तुलस्यान ने मोटी सेठानी फिल्म का निर्माण किया है, जो झुंझुनूंवाली श्री दादीजी के जीवन पर आधारित है। यह फिल्म 26 फरवरी 2025 को जयपुर में प्रीमियर होगी और 27 फरवरी से पूरे भारत में रिलीज होगी। श्री दादी जी (नारायणी), जिन्हें महालक्ष्मी महाशक्ति के रूप में पूजा जाता है, द्वापर युग में विराट की पुत्री, अभिमन्यु की पत्नी व श्रीकृष्ण की भांजी थीं। श्रीकृष्ण ने उन्हें सती होने से रोका था और कलयुग में मोटी सेठानी के रूप में पूजे जाने का वरदान दिया था। झुंझुनूं में भारत का सबसे बड़ा मंदिर स्थित है और विदेशों में भी 500 से अधिक मंदिर हैं। फिल्म निर्माता व निर्देशक राणा संजय तुलस्यान ने माँ की प्रेरणा से इस फिल्म का निर्माण किया। लेखक रमन द्विवेदी, संगीत निर्देशक सतीश देहरा हैं, और पटकथा स्व. श्री रमाकांत जी द्वारा रचित श्री नारायणी चरित मानस पर आधारित है। फिल्म की पूरी शूटिंग झुंझुनूं के अलसीसर गाँव में हुई और इसमें 250 से अधिक लोग जुड़े। फिल्म से होने वाली आय श्री राणी सतीजी वर्ल्डवाइड फाउंडेशन के जनहित कार्यों में लगेगी। इस फिल्म के कलाकार दिवाकर पाठक, जया सुनीता, रवि अलमाल, राम अवतार गिनोरिया एवं अन्य हैं।

# वीर नारियों ने टुपुल भूस्खलन स्थल का दौरा कर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी



**कोलकाता, समाज्ञा :** सेना के पूर्वी कमान अंतर्गत 107 इन्फैंट्री बटालियन की पहल से वीर नारियों (युद्ध विधवाओं) की उस स्थल पर जाने की लंबे समय से प्रतीक्षित इच्छा पूरी हुई, जहां उनके पतियों ने राष्ट्र की सेवा करते सर्वोच्च बलिदान दिया था। 30 वीर नारियों के एक समूह ने अपने परिवारों के साथ पांच फरवरी को मणिपुर में टुपुल भूस्खलन स्थल का दौरा कर अपने बलिदानी पतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एक बयान में बताया गया कि मणिपुर में 29 जून, 2022 को सर्वोच्च बलिदान देने वाले पूर्वी कमान अंतर्गत 107 इन्फैंट्री बटालियन (टीए) जीआर के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए टुपुल और नोनी में एक स्मरण समारोह आयोजित किया गया था। 29 जून 2022 को लगातार बारिश के कारण हुए विनाशकारी भूस्खलन में जिरीबाम-टुपुल-इम्फाल मेगा रेलवे परियोजना में लगे एक अधिकारी, तीन जेसीओ और 26 बहादुर सैनिकों की जान चली गई थी। तब से उनके परिवारों ने उस स्थान पर जाने की गहरी इच्छा व्यक्त की थी, जहां उनके प्रियजनों ने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस अनुरोध के भावनात्मक महत्व को समझते हुए यूनिट ने एक यात्रा की व्यवस्था करने की पहल की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि परिवार अपने बलिदानियों को श्रद्धांजलि दे सकें। यात्रा के दौरान, परिवारों को सेना के कर्मियों और स्थानीय अधिकारियों के साथ बातचीत करने का अवसर भी प्रदान किया गया, जिन्होंने भावनात्मक समर्थन दिया और वीर नारियों की सहायता करने की अपनी प्रतिबद्धता जताई। बयान में कहा गया कि यूनिट द्वारा की गई पहल ने सशस्त्र बलों और उसके नायकों के परिवारों के बीच अटूट बंधन को मजबूत किया और यह सुनिश्चित किया कि उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जाएगा।

## हावड़ा डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने अपने नेटवर्क के प्रमुख स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसंरचना कार्य शुरू किया है। इस परियोजना का उद्देश्य प्लेटफॉर्म की पहुंच को बेहतर बनाना, सवार होने और उतरने की प्रक्रिया को सरल बनाना और ट्रेन प्लेटफॉर्म्स पर दुर्घटनाओं के खतरे को कम करना है। पूर्व रेलवे ने अपनी अधिकारिता क्षेत्र के 15 स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाने को मंजूरी दी है। इन स्टेशनों में बागनापाड़ा समुद्रगढ़, बालागढ़, सोमरा बाजार, अहमदपुर जंक्शन, बोलपुर, भेड़िया, गदाधरपुर, प्रांतिक, बातासपुर, नोआदेर ढाल, दैनहत, अग्रद्वीप, साहेबतला और वर्दवान शामिल हैं।

इन स्थानों पर कार्य चल रहा है, जिसका उद्देश्य प्लेटफॉर्म की ऊंचाई को एक मानक स्तर तक बढ़ाना है, जिससे यात्रियों के लिए एक सुरक्षित और सुगम सवार होने का अनुभव सुनिश्चित हो सके। प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाने से विशेष रूप से विकलांग व्यक्तियों, बुजुर्गों और बच्चों के लिए प्लेटफॉर्म पर पहुंच में सुधार होगा। इससे ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच की खाई समाप्त हो जाएगी, जिससे यात्रियों के लिए ट्रेन में चढ़ने और उतरने में आसानी और सुरक्षा होगी। यह विकास विशेष रूप से पीक घंटे में महत्वपूर्ण है, जब बड़ी भीड़ सुरक्षा जोखिम उत्पन्न कर सकती है। इससे ट्रेन संचालन में आसानी होगी और विशेष रूप से व्यस्त स्टेशनों जैसे वर्दवान और अहमदपुर जंक्शन पर देरी कम करने में मदद मिलेगी। यह पहल हावड़ा डिवीजन के स्टेशन आधुनिककरण की निरंतर कोशिशों का हिस्सा है, जो यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने और ट्रेन यात्रा की बढ़ती मांगों के साथ तालमेल बैठाने के लिए की जा रही है।

## आधार हाउसिंग फाइनेंस की वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में एयूएम 21% बढ़ी

**कोलकाता, समाज्ञा**

आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए अपने अन-ऑडिटेड (अलेखापरीक्षित) वित्तीय परिणामों की घोषणा की। 31 दिसंबर 2023 को प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 19,865 करोड़ रुपये थीं, जो 31 दिसंबर 2024 तक 21% बढ़कर 23,976 करोड़ रुपये हो गईं। इसी अवधि तक लोन अकाउंट्स की कुल संख्या 2,86,000 से अधिक हो गई। वित्त वर्ष 2025 के पहले नौ महीनों में कर पश्चात लाभ (पीएटी) 22% बढ़कर 667 करोड़ रुपये हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2024 की इसी अवधि में यह 548 करोड़ रुपये था। 30 दिसंबर 2024 तक कंपनी की कुल नेटवर्थ 6,114 करोड़ रुपये रही, जिसमें प्राथमिक निवेश से मिले 1,000 करोड़ रुपये (सकल) की आईपीओ आय भी शामिल है।

वित्त वर्ष 2025 के पहले नौ महीनों में परिसंपत्तियों पर रिटर्न (आरओए) 4.3% रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि में 4.2% था। इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) 16.8% रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024 की इसी अवधि में यह 18.3% था। 31 दिसंबर 2023 को सकल एनपीए 1.40% था, जिसमें 31 दिसंबर 2024 तक 4 आधार अंकों का सुधार हुआ और यह घटकर 1.36% रह गया।

## ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ सदस्यों ने वंचित बच्चों के साथ मनाया वार्षिक खेल दिवस




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ), सियालदह कई परोपकारी गतिविधियों में शामिल है, जिसमें रेलवे कर्मचारियों, उनके परिवारों और बड़े पैमाने पर समुदाय के लाभ के लिए कल्याणकारी गतिविधियां शामिल हैं। इस प्रयास के एक हिस्से के रूप में ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ/सियालदह की अध्यक्ष गुंजन निगम के प्रेरक नेतृत्व में संस्था वंचित और गरीब बच्चों के बीच शिक्षा का प्रसार करने के लिए सियालदह में एक मानद प्राथमिक विद्यालय चहक अकादमी भी चलाता है। ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ सियालदह द्वारा संचालित चहक अकादमी ने शनिवार को सियालदह के डीआरएम स्पोर्ट्स ग्राउंड में अपना वार्षिक खेल दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में 52 ऊर्जावान छात्रों ने भाग लिया। इस मौके पर अध्यक्ष गुंजन निगम के नेतृत्व में ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की महिला सदस्या भी उपस्थित रहीं। वंचित छात्रों ने दौड़, बैलून रेस, रिले रेस सहित विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया। प्रत्येक स्पर्धा के विजेताओं को अध्यक्ष गुंजन निगम द्वारा पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वार्षिक खेल दिवस चहक अकादमी के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस मौके पर गुंजन निगम ने कहा कि वार्षिक खेल दिवस में अपने छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी पर हमें बहुत गर्व है और हम अगले साल भी इसे आयोजित करने के लिए उत्सुक हैं। छात्रों ने विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेकर बहुत अच्छा समय बिताया। इस कार्यक्रम ने शारीरिक गतिविधि और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने में भी मदद की।

## वैलेंटाइन्स डे पर प्यार और सेहत का अनोखा तोहफा : इस बार दीजिये कैलिफोर्निया आमंड्स

**कोलकाता, समाज्ञा**

भारत में वैलेंटाइन्स डे को प्यार और अपने प्रियजनों की देखभाल का प्रतीक माना जाता है। इस खास दिन पर अगर आप कोई ऐसा उपहार देना चाहते हैं, जो आपकी भावनाओं के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य का भी ख्याल रखे, तो कैलिफोर्निया आमंड्स से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। यह न सिर्फ स्वादिष्ट और कुरकुरे होते हैं, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं।

इन बादामों में मौजूद पोषक तत्व न केवल संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं, बल्कि यह दर्शाते भी हैं कि आप अपने अपनों की सेहत की कितनी परवाह करते हैं। कैलिफोर्निया आमंड्स में 15 जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जिनमें विटामिन ई, मैग्नीशियम, डाइटरी फाइबर, सेहतमंद फैट्स और प्रोटीन शामिल हैं। इन्हें किंग ऑफ नट्स भी कहा जाता है, क्योंकि यह शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाते हैं।

रोजाना थोड़ी मात्रा में बादाम का सेवन करने से दिल की सेहत को बढ़ावा मिलता है, वजन नियंत्रण में मदद मिलती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है। 200 से अधिक वैज्ञानिक अध्ययनों में साबित हो चुका है कि कैलिफोर्निया आमंड्स सेहत के लिए बेहतरीन विकल्प हैं। इन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करना बेहद आसान है और यह एक पूरी तरह से प्राकृतिक और पौष्टिक विकल्प भी हैं। इस वैलेंटाइन्स डे पर अपने प्रियजनों को स्वास्थ्य से भरपूर यह अनमोल तोहफा जरूर दें।

## टिंडर और सेंटर फॉर सोशल रिसर्च ने डेटिंग सुरक्षा गाइड हिंदी में किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेफर इंटरनेट डे के मौके पर, टिंडर ने सेंटर फॉर सोशल रिसर्च के साथ मिलकर अपनी डेटिंग सुरक्षा गाइड को हिंदी में लॉन्च किया है, जो अब मराठी, कन्नड़ और बंगाली में भी उपलब्ध है। यह गाइड उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित ऑनलाइन डेटिंग के लिए व्यावहारिक सुझाव और उपकरण प्रदान करती है। टिंडर ने इस गाइड को स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध कराकर समावेशी डेटिंग अनुभव बनाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया है। हालिया सर्वे में भारतीय सिंगल्स ने डेटिंग ऐप पर मिलने से पहले सुरक्षा को प्राथमिकता दी है, जिसमें 37% उपयोगकर्ताओं ने वीडियो कॉल को प्राथमिकता दी। टिंडर और सीएसआर भारतीय युवाओं को सुरक्षित डेटिंग की दिशा में जागरूक कर रहे हैं और डेटिंग के दौरान सहमति, सुरक्षा उपकरणों और गलत व्यवहार की रिपोर्टिंग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर रहे हैं।

# डानकुनी हत्याकांड मामले में मृतक का साला गिरफ्तार

**हुगली :** जिले के डानकुनी थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 2 पर श्रीराम ग्रैंड सिटी गेट के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई। गंभीर हालत में उसे वाल्स अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम मृतक बंटी साव था। फिल्मी स्टाइल में हुए इस गोलीकांड की घटना से पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े होने लगे। हालांकि सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने आरोपी की शिनाख्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मृत बंटी साव का साला विकास साव उर्फ बंटी साव बताया जा



रहा है।

❑ **फिल्मी स्टाइल में मारी गोली**

पुलिस सूत्रों के मुताबिक शाम के साढ़े छह बजे जब बंटी काम खत्म होने के बाद बाइक चलाकर घर लौट रहा था तब दूसरी बाइक से गोलियां चलाई गईं, जो सीधे बंटी के सीने में जा धंसी। हत्याकांड की यह सनसनीखेज वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। इस तरह की सार्वजनिक गोलीकांड की घटना से पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठे हैं। जानकारी के अनुसार बंटी साव एक फैक्ट्री में जेसीबी ऑपरेटर का काम करता था। शुक्रवार शाम को वह फैक्ट्री से काम करके घर लौट रहा था। घर से महज डेढ़ किलोमीटर दूर अचानक दो बाइक सवार आ धमके। आरोप है कि उनमें से एक ने बंटी पर गोली चला दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि बंटी और उसकी पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। मामला तलाक तक पहुंच गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बंटी पर उसकी पत्नी ने प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उसकी पत्नी के अनुसार चार साल पहले बंटी से उसकी शादी हुई थी। रिश्तेदारों का कहना है कि उनके बीच दो साल से अनबन चल रही थी और कोई सुलह नहीं हो पा रही थी। बंटी के पिता राजकुमार साव ने आरोप लगाया कि बंटी की पत्नी का किसी अन्य युवक के साथ संबंध था, जिसके कारण यह अशांति शुरू हुई। इसलिए बंटी तलाक चाहता था। इसी बीच पिंटू नामक युवक ने बंटी को जान से मारने की धमकी भी दी थी। पुलिस गहनता से मामले की छानबीन में जुटी है।

शुक्रवार शाम को डानकुनी के श्रीराम ग्रेंड सिटी गेट पर एक बदमाश ने नजदीक से फायरिंग की। वह उत्तर 24 परगना के अगरपाड़ा के तेंतुलतला का रहने वाला बताया जा रहा है। विकास की पत्नी संगीता साव ने बताया कि पुलिस सुबह चार बजे उनके पति को घर से उठाकर ले गई। जबकि विकास बीती शाम को घर पर अपनी बेटी की जन्मदिन पार्टी में था। संगीता बंटी की पत्नी लक्ष्मी की चचेरी बहन है।

## पांडुआ में सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान पुलिस पर हमला

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के पांडुआ थाना इलाके में सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान राज्य में एक बार फिर पुलिस पर हमला किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जब पुलिस ने जुलूस के दौरान माइक्रोफोन और स्पीकर की आवाज बंद करने को कहा तभी लोग आक्रोशित हो गए और पुलिस पर हमला कर दिया पांडुआ थाना के पंचगढ़ तोरग्राम पंचायत के नियाल और नापारा इलाके में सुबह से चल रहे जुलूस के दौरान पुलिस ने पूजा समितियों को माइक बंद करने का निर्देश दिया। इस निर्देश के बाद, स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जिसके परिणामस्वरूप पुलिस और भीड़ के बीच विवाद हुआ। जब पुलिस ने माइक को जब्त करने की कोशिश



की, तो भीड़ ने कथित तौर पर पुलिस पर ईंटें फेंकीं। इस हमले में, पांडुआ थाने के एएसआई राजदेव हाजरा का सिर फूट गया। जबकि, पुलिस कर्मी सुदीप हाजरा को छाती और पीठ में गंभीर चोटें आईं। दोनों को पांडुआ ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। इस घटना के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल को गांव में तैनात किया गया है। डीएसपी क्राइम अभिजीत सिन्हा महापात्रा इस मामले की देखरेख कर रहे हैं, हालांकि खबर लिखे जाने तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी।

### नौवीं कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश, आरोपी युवक फरार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के बारुईपुर में कक्षा नौवी की छात्रा के साथ दुष्कर्म की कोशिश करने का मामला सामने आया है। इस खबर के फैलते ही गुस्साएं ग्रामीणों ने आरोपी युवकों के घर में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस स्थिति को नियंत्रित करने पहुंची। हालांकि, तब तक आरोपी फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, नाबालिग बारुईपुर थानांतर्गत वृंदाखाली क्षेत्र की है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नाबालिग शुक्रवार को घर के पास के एक दुकान में गई थी। वहीं, दो युवकों ने रोक लिया और एक घर के अंदर ले गए। इस बीच, नाबालिग की मां उसे ढूंढते हुए मौके पर पहुंची। महिला को देखते ही दोनों युवक भाग निकले। वहीं इस खबर के फैलते ही इलाके में हंगामा मच गया। इस मामले की जांच जारी है।

## संदिग्ध हालत में मिला पत्नी का शव, हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

**कोलकाता :** उत्तर 24 परगना के माटिया थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या के आरोप में उसके पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी पति का नाम सब्बीर अहमद है। सूत्रों के मुताबिक, सब्बीर अहमद का घर माटिया थाना क्षेत्र के स्वरोपनगर इलाके में है। 4 फरवरी को उसकी पत्नी तुहिना पर्विन का शव उसके घर में लटका हुआ मिला। मिली जानकारी के अनुसार, सब्बीर और तुहिना का विवाह छह महीने पहले हुआ था। तुहिना की मौत के बाद, उसके परिवार ने स्वरूपनगर थाना में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि सब्बीर 3 लाख रुपये और एक बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर रहा था। जब तुहिना के परिवार द्वारा



मांगों को पूरा करने में देरी हो रही थी, तो उसने अपनी पत्नी को बार-बार परेशान किया। इसके बाद, सब्बीर ने तुहिना का गला घोंटकर हत्या कर दी और फिर शव को लटका दिया। इन आरोपों के आधार पर माटिया थाना पुलिस ने जांच शुरू की और शुक्रवार रात सब्बीर अहमद को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को उसे बशीरहाट कोर्ट में पेश किया गया। इस मामले की जांच जारी है।

## चलने के अंदाज से हुआ शक, पुलिस ने पकड़ा तो खुला बड़ा राज

**मालदा :** लड़कों की चाल-ढाल देखकर ही शक हुआ था। ऊपर से पुलिस को पहले से ही खबर थी कि कोई बड़ा मामला हो सकता है। ऐसे में पुलिस ने कोई रिस्क नहीं लिया और मौके पर ही दोनों को पकड़ लिया। जब तलाशी ली गई, तो जो सामने आया, उसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। यह घटना पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में हुई।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, दोनों आरोपियों के पास से 50 लाख रुपये की ब्राउन शुगर बरामद की गई। पकड़े गए आरोपियों में से एक नाबालिग है। जब वे मालदा से बिहार ब्राउन शुगर की तस्करी कर रहे थे, तभी गाज़ोल के कदुबाड़ी मोड़ पर पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के पास उनकी गाड़ी रोक ली। गिरफ्तार दोनों आरोपी बिहार के निवासी हैं। उनके पास से कुल 513 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी



अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये से भी अधिक बताई जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्तियों में से एक का नाम राहुल कुमार (25 वर्ष) और दूसरे का नाम छोट्टू कुमार (15 वर्ष) है। दोनों बिहार के तेतरी इलाके के निवासी हैं। पुलिस का कहना है कि ये दोनों मालदा से बिहार ब्राउन शुगर की तस्करी करने जा रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेने के साथ-साथ तस्करी में इस्तेमाल की गई गाड़ी को भी जब्त कर लिया है। फिलहाल, पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस तस्करी के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं और क्या यह कोई बड़ा नेटवर्क है।

## पिछले साल फेल, इस बार परीक्षा से पहले ही छात्र ने की आत्महत्या

**मुर्शिदाबाद :** माध्यमिक परीक्षा से पहले ही एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। परीक्षा शुरू होने से ठीक एक दिन पहले, एक छात्र ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के डाकबंगला इलाके की है। इस घटना से पूरे इलाके में शोक का माहौल है। मृत छात्र का नाम मिनाल पान (17 वर्ष) था। पुलिस का अनुमान है कि उसने मानसिक अवसाद के कारण यह कदम उठाया।

मिनाल ने पिछले साल भी माध्यमिक परीक्षा दी थी, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। इस बार वह फिर से परीक्षा देने के लिए पूरी तैयारी कर रहा था। परिवार के अनुसार, परीक्षा से सिर्फ एक दिन पहले जब घर में कोई नहीं था, तब उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। उसने अपनी माँ की साड़ी से फांसी लगाकर अपने कमरे में पंखे से लटककर जान दे दी।

मिनाल नीमा बहादुरपुर उच्च विद्यालय का छात्र था और इस साल माध्यमिक परीक्षा में बैठने वाला था। परिवार का कहना है कि पिछली बार परीक्षा में असफल होने के कारण वह मानसिक रूप से काफी परेशान था। समाज और परिवार की प्रतिष्ठा को लेकर वह दबाव महसूस कर रहा था, जिसे शायद वह सहन नहीं कर पाया और इस कठोर निर्णय को ले लिया। घटना की खबर फैलते ही थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कांदी महकमा अस्पताल के मुर्दाघर में भेज दिया। पुलिस ने मामले की प्राथमिक जांच शुरू कर दी है।

## बेटी की हत्या व पत्नी से दुष्कर्म की धमकी! स्थानीय बीजेपी नेता के खिलाफ पार्टी कार्यकर्ता ने दर्ज कराई शिकायत

**कोलकाता :** बीजेपी कार्यकर्ता की पत्नी और बेटी को दुष्कर्म की धमकी! खुद उसकी हत्या भी हो सकती है! लगातार मिल रही धमकियों के कारण यह परिवार घर में कैद रहने को मजबूर हो गया है। आखिरकार, खड़दह के बीजेपी कार्यकर्ता ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। आरोप बीजेपी के ही एक स्थानीय नेता पर लगा है। आतंक के साए में जी रहा है अगरपाड़ा आज़ाद हिंद नगर का निवासी गोपाल दास और उसका परिवार। शनिवार को उसने इस मामले में घोला थाने में शिकायत दर्ज कराई। स्थानीय सूत्रों और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करने को लेकर यह विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि गुरुवार रात को लगातार दो बार फोन कर बीजेपी कार्यकर्ता को धमकी दी गई। शुक्रवार रात को भी वही घटना दोहराई गई, जिसके बाद शनिवार को गोपाल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि आरोपी खड़दह मंडल 4 के बीजेपी के पूर्व सह-अध्यक्ष हैं। उनके एक रिश्तेदार की हाल ही में मृत्यु हुई है, इसलिए रविवार को उनसे पूछताछ कर मामले की जांच की जाएगी और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## चुंचुड़ा में भाजपा ने मनाया दिल्ली जीत का जश्न



**हुगली :** भाजपा के केंद्र में सत्ता में आने के बाद पहली बार दिल्ली पर फतह हासिल की। नतीजे घोषित होने के बाद जिले में भाजपाइयों के ख़ुशी का ठिकाना न रहा। चुंचुड़ा में जिला भाजपा कार्यालय से जिला अध्यक्ष तुषार मजूमदार के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया जिसमे भाजपा नेता सुरेश साव समेत सैकड़ों भाजपा समर्थक शामिल रहे। भाजपा समर्थकों ने एक दूसरे को मिठाइयां खिला कर मुह मीठा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने पीएम मोदी के समग्र विकास को जीत का सेहरा पहनाया है। यह जीत दिल्ली की जनता की जीत है। पीएम मोदी के विश्वास की जीत है। इसी तरह से बिहार की जनता बंगाल की जनता पीएम मोदी के पक्ष में मतदान करेगी। भ्रष्टाचारियों के मुहं पर जनता ने तमाचा जड़ा है। विरोधियों के लिए यह एक बड़ा सबक है।

## डॉ. सुनील कुमार शर्मा के प्रथम गजल संग्रह का लोकार्पण



**कोलकाता :** 48वें अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेला में वाणी प्रकाशन के स्टाल पर डॉ. सुनील कुमार शर्मा के प्रथम ग़ज़ल संग्रह का लोकार्पण समारोह और पुस्तक परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में डॉ. शंभुनाथ, रामनिवास द्विवेदी, अभिज्ञात, मृत्युंजय श्रीवास्तव, आदित्य गिरि, सुषमा कुमारी और रुपेश कुमार यादव ने हिस्सा लिया। अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए रामनिवास द्विवेदी ने कहा कि सुनील जी ने अपने ग़ज़लों में जीवन की विविधताओं को शामिल किया है। इस अवसर पर मधु सिंह ने सुनील शर्मा की ग़ज़ल का पाठ किया। इस अवसर पर विद्यासागर विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार प्रसाद,प्रो. संजय यादव, अनिल शाह, कंचन भगत, कुसुम भगत, सहित अन्य साहित्यप्रेमी उपस्थित थे।धन्यवाद ज्ञापन वाणी प्रकाशन के दिनेश कुमार सिंह ने दिया।




**आसनसोल में केट द्वारा आयोजित व्यापार मेले में कोलकाता की अग्रणीय कंपनी साइनडॉट इलेक्ट्रिकल्स का स्टाल एवं उनके प्रतिनिधि उमाकांत अग्रवाल (बंटी) एवं शिवम अग्रवाल अन्य व्यापारियों के साथ।**

# भारतीय रेल: कश्मीर चलें हम!



**जया वर्मा सिन्हा**
**भारतीय रेल की पूर्व अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी**

**नई दिल्ली/कोलकाता :** चिनाब नदी के गहरे हरे पानी को मापता दुनिया का सबसे ऊँचा रेल पुल, आपको तेज़ सर्द हवाओं के साथ रोमांच का भी अनूठा एहसास कराता है। ऊंची-ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा चिनाब नदी का यह पुल, समुद्र तल से 359 मीटर ऊपर है - ऊँचाई में, एफिल टॉवर से 35 मीटर, और कुतुब मीनार से लगभग पाँच गुना ज़्यादा ऊँचा! बादलों का मुकुट पहने, पहाड़ों के सीने पर चौड़ी और मज़बूत नींवों के सहारे अडिग खड़ा यह पुल भारतीय रेल की प्रौद्योगिकी चेतना का प्रतीक तो है ही, हमारी आधुनिकीकरण की आकांक्षाओं का सचेतक भी है। अत्याधुनिक मशीनरी और रखरखाव से लैस, 266 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ़्तार की हवाओं का सामना करने में सक्षम, चिनाब पुल उधमपुर - श्रीनगर - बारामुला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) की उत्कृष्ट उपलब्धियों का द्योतक है।

लगभग 37,000 करोड़ की लागत से निर्मित, यूएसबीआरएल की 272 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन, विश्व की सबसे जटिल और चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं में से एक है।

दुर्गम गहन घाटियों और ऊँचे पहाड़ों को चीरती ये रेलवे लाइन 943 पुलों और 36 मुख्य सुरंगों से होकर गुज़रती है, जिसमें भारत की सबसे लंबी रेलवे सुरंग, टी-50, जो 12.77 किलोमीटर लंबी है, शामिल है। यूएसबीआरएल के कटरा - बनिहाल सेक्शन पर भारत का पहला केबल-स्टेड रेल पुल, अंजी खड्ड ब्रिज है। 96 केबल्स के सहारे टिका, समुद्र तल से 331 मीटर ऊँचा और 725 मीटर लंबा पुल, डिज़ाइन और इंजीनियरिंग का बानगी है।

कश्मीर को समग्र और निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करती यह लाइन, दुनिया के सबसे आकर्षक एवं सुहावने मंज़र को भी अपने अनुभवों में पिरोए हुए है। यह रेल लिंक पर्यटन, व्यापार और सुरक्षा को बढ़ावा देने में सक्षम है जिससे जम्मू और कश्मीर के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य मे भी उन्नति होगी। इस लाइन पर बने रेलवे स्टेशन जम्मू और कश्मीर की प्रगति, सुरक्षा और समृद्धि की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हैं। काज़ीगुंड, जिसे 'कश्मीर घाटी का प्रवेश द्वार' भी कहा जाता है, दक्षिण कश्मीर और पूर्वी क्षेत्रों के मध्य एक महत्वपूर्ण संपर्क के रूप में कार्य करता है। पंपोर, श्रीनगर, सोपोर और अनंतनाग स्टेशन कश्मीर घाटी की आर्थिक गतिविधि के प्रमुख केंद्र हैं। इसके अलावा, रियासी एवं कटरा स्टेशन, माता वैष्णो देवी मंदिर से निकटता के कारण आध्यात्मिक और आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं।

जल्द ही कटरा से श्रीनगर के लिए अत्याधुनिक वन्दे भारत ट्रेन का यूएसबीआरएल रेलवे लाइन पर नियमित रूप से परिचालन होगा, जिसका हम सब देशवासियों को भी बेसब्री से इंतज़ार है! यहाँ परिचालित होने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को कश्मीर की सर्दी एवं बर्फ़बारी की चुनौतीपूर्ण परिस्तिथियों में सुचारू संचालन के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। आधुनिक सुविधाओं के अलावा, इसके उन्नत हीटिंग सिस्टम्स यह सुनिश्चित करते हैं कि यह ट्रेन, शून्य से नीचे के तापमान में भी, आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा का अनुभव प्रदान करे। ड्राइवर के सामने के ग्लास मे भी हीटिंग उपकरण लगे है, ताकि सर्दी में भी स्पष्ट दृश्यता हो सके। कश्मीर की अपनी वन्दे भारत विश्व स्तरीय यात्रा के लिए तैयार है।

'कश्मीर से कन्याकुमारी' तक भारत हमेशा एक रहा है। भारतीय रेल की यह नवनिर्मित रेलवे लाइन, इस क्षेत्र को वर्षों से बाधित विकास कार्यों को पूरा करने के साथ कश्मीर को निर्बाध रेल कनेक्टिविटी प्रदान कर रही है, जिसके साथ ही यह सम्पूर्ण क्षेत्र विकास के नये आयाम तय करेगा।

कश्मीर घाटी का प्रहरी, पीर पंजाल, बनिहाल सुरंग से गुज़रती ट्रेन के पहियों के मधुर संगीत के इंतजार मे है! सचमुच, कश्मीर अब दूर नहीं है!




**एमसीसीआई के 7 फरवरी को आयोजित विशेष सत्र 'जाम्बिया में व्यापार के अवसर, निवेश और पर्यटन' में जाम्बिया के उच्चायुक्त पर्सी पी. चांढा और एमसीसीआई के अध्यक्ष अमित साराओगी।**

समाज्ञा
हिन्दी दैनिक
आपकी बात सच के साथ

## महानायक उत्तम कुमार और नेताजी मेट्रो स्टेशनों पर अग्निशमन प्रशिक्षण आयोजित

**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाता है। मेट्रो रेलवे, कोलकाता के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी नियमित रूप से सुरक्षा उपायों की निगरानी और समीक्षा करते हैं ताकि आग जैसी किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। सुरंगों या वायाडक्ट में किसी भी अग्नि आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए मेट्रो रेलवे द्वारा नियमित प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है।

इसी क्रम में, 07 फरवरी 2025 को महानायक उत्तम कुमार और नेताजी मेट्रो स्टेशनों पर वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में मेट्रो कर्मियों को विभिन्न अग्नि और



धुएं की परिस्थितियों का अनुकरण करके आग बुझाने की विधियों की जानकारी दी गई।

इस प्रशिक्षण में यातायात, विद्युत, आरपीएफ और अन्य विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कर्मचारियों की कुशलता और सतर्कता बढ़ेगी, जिससे वे किसी भी आपात स्थिति में तेजी से प्रतिक्रिया देकर बचाव कार्य को न्यूनतम समय में पूरा कर सामान्य स्थिति बहाल कर सकें।

# दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा वॉकथॉन का आयोजन

## 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत जागरूकता पहल

**कोलकाता :** 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत, जो देशभर में तपेदिक (टीबी) के खात्मे के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय, गार्डनरीच, कोलकाता में 08 फरवरी 2025 को जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक वॉकथॉन का आयोजन किया गया।

इस वॉकथॉन का नेतृत्व दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार मिश्रा ने किया। उनके साथ प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. अंजना मल्होत्रा, अन्य विभागाध्यक्ष, विभागीय अधिकारी और एसईआर मुख्यालय के कर्मचारी भी शामिल हुए। इस अभियान का उद्देश्य टीबी के खिलाफ लड़ाई को मजबूती देना और जनसाधारण को इसके बारे में




जागरूक करना था।

लगभग 150 अधिकारी एवं कर्मचारी इस वॉकथॉन में शामिल हुए। वे टीबी उन्मूलन संबंधी संदेशों वाली टी-शर्ट पहनकर, हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर नारे लगाते हुए चले। पृष्ठभूमि में जागरूकता बढ़ाने वाले जिंगल्स भी बजाए गए।

इसके अलावा, भारत स्काउट्स और गाइड्स के सदस्यों ने एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जो टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाने का एक प्रभावी माध्यम बना। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अंजना मल्होत्रा (पीसीएमडी, एसईआर) ने अब तक चलाई गई विभिन्न जागरूकता गतिविधियों की जानकारी दी। इसके बाद मुख्यालय के चिकित्सा विभाग द्वारा तपेदिक पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति और एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई।

यह कार्यक्रम 'टीबी मुक्त भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार को मजबूत करेगा और प्रभावी उपचार की दिशा में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### परिवार वालों ने पढ़ने के लिए कहा तो माध्यमिक की छात्रा ने खा लिया जहर

**पूर्व वर्दवान :** पूर्व वर्दवान के जमालपुर इलाके में एक माध्यमिक की छात्रा की जहर खाने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मनीषा घोष के रूप में हुई है। वह जामदाह के चक्कृष्णपुर के निवासी हैं। मनीषा इस साल माध्यमिक परीक्षा देने वाली थी। जो सोमवार से शुरू होने वाली है। बताया जा रहा है कि मनीषा पढ़ने के बजाय मोबाइल चला रही थी। इसे देखकर उसके पिता ने उसे पढ़ने के लिए कहा। जिस कारण मनीषा नाराज हो गई। कथित तौर पर छात्रा ने गुस्से में आकर घर पर मौजूद आलू की खेती के लिए कीटनाशकों को खाया। जिसके बाद छात्रा बीमार हो गई, उसे तुरंत वर्दवान मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाज से इलाके में शोक का माहौल है।

# नई शिक्षा नीति के आलोक में कक्षा में प्रौद्योगिकी का महत्व



**डॉ. त्रिलोक नाथ पांडेय**

वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी उपकरणों का समावेश एक क्रांतिकारी बदलाव लेकर आया है। नई शिक्षा नीति (National Education Policy, NEP 2020) के संदर्भ में कक्षा में प्रौद्योगिकी का सही उपयोग शिक्षण प्रक्रिया को अधिक समावेशी, रोचक और परिणामदायक बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। छच्इ़ 2020 का उद्देश्य शिक्षा प्रणाली को अधिक डिजिटल, तकनीकी और व्यावहारिक बनाना है। इस लेख में हम कक्षा में उपयोग किए जाने वाले महत्वपूर्ण तकनीकी उपकरणों और उनकी उपयोग विधियों पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

1. इंटरैक्टिव व्हाइटबोर्ड (Smartboard)

**परिचय:** इंटरैक्टिव व्हाइटबोर्ड, जिन्हें स्मार्टबोर्ड भी कहा जाता है, पारंपरिक ब्लैकबोर्ड का एक डिजिटल रूप हैं। यह उपकरण नई शिक्षा नीति के तहत मल्टीमॉडल शिक्षण के लिए विशेष रूप से उपयोगी हैं। छच्इ़ 2020 में प्रौद्योगिकी-आधारित शिक्षा को प्राथमिकता देने की सिफारिश की गई है (NEP 2020)।

तकनीकें: समस्या समाधान: रियल-टाइम में गणितीय समीकरण या अन्य समस्याओं को हल करने के लिए उपयोग किया जा सकता है।

**ग्रुप डिस्कशन:** छात्रों के विचारों को स्क्रीन पर लिखकर समूह चर्चा में भागीदारी बढ़ाई जा सकती है।

**पाठ रिकॉर्डिंग:** पूरे पाठ को रिकॉर्ड कर बाद में विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है।

**मल्टीमीडिया सामग्री:** पाठ को आकर्षक बनाने के लिए वीडियो, सिमुलेशन और इन्फोग्राफिक्स का समावेश किया जा सकता है।

2. लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (LMS)

**परिचय:** इ्चड एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो शिक्षकों को पाठ्य सामग्री, असाइनमेंट, ग्रेड और फीडबैक ऑनलाइन साझा करने की सुविधा देता है। छच्इ़ के अनुसार, यह व्यक्तिगत शिक्षण अनुभव को बढ़ावा देता है।

**तकनीकें:** शिक्षण सामग्री साझा करना: नोट्स, वीडियो और अन्य पाठ्य सामग्री ऑनलाइन पोस्ट करना।

**असाइनमेंट और मूल्यांकन:** असाइनमेंट अपलोड करने और उनका मूल्यांकन करने की सुविधा।

**वर्चुअल कक्षाएं:** ऑनलाइन चर्चा मंच बनाना और लाइव सेशन आयोजित करना।

**व्यक्तिगत प्रतिक्रिया:** विद्यार्थियों की प्रगति के आधार पर उन्हें व्यक्तिगत सुझाव देना।

**3. मल्टीमीडिया प्रेजेंटेशन**

**परिचय:** मल्टीमीडिया प्रेजेंटेशन शिक्षण सामग्री को दृश्य रूप में प्रस्तुत करने का एक सशक्त माध्यम है।

**तकनीकें:** ग्राफिक्स और चार्ट: जटिल अवधारणाओं को समझाने के लिए ग्राफिक्स और चार्ट का उपयोग।

**वीडियो और ऑडियो:** विषय के गहन ज्ञान के लिए वीडियो क्लिप्स और ऑडियो रिकॉर्डिंग का समावेश।

**इन्फोग्राफिक्स:** सामग्री को सरल और आकर्षक बनाने के लिए इन्फोग्राफिक्स का उपयोग।

4. गेमिफिकेशन टूल्स (Gamification Tools)

**परिचय:** गेम आधारित शिक्षण विद्यार्थियों को सीखने की प्रक्रिया में संलग्न करने का एक अनूठा तरीका है। छच्इ़ भी इस बात पर जोर देती है कि शिक्षण को रोचक बनाने के लिए नए तरीकों का उपयोग किया जाए (NEP 2020)।

**तकनीकें: क्विज़:** घरहीं और टींळळू जैसे प्लेटफॉर्म पर रोचक क्विज़ का आयोजन।

**प्रतिस्पर्धा:** अंक तालिका और पुरस्कारों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित करना।

प्रतिभागिता प्रोत्साहन: सही उत्तरों और सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहन देना।

5. सहयोगात्मक उपकरण (Collaborative Tools)

**परिचय:** ये उपकरण विद्यार्थियों को समूह कार्य में भाग लेने और विचार साझा करने की सुविधा प्रदान करते हैं।

**तकनीकें:** रियल-टाइम एडिटिंग: ऱ्रेश्नश्र ऊेली पर समूह में दस्तावेज़ संपादित करना।

**विचार मंथन:** झरवश्रशीं और गरालेरीव का उपयोग कर साझा वर्चुअल बोर्ड पर विचार प्रस्तुत करना।

**फीडबैक:** ड्राफ्ट पर तुरंत प्रतिक्रिया प्रदान करना।

**6. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म्स**

**परिचय:** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म ऑनलाइन कक्षाओं और बैठकों के लिए एक महत्वपूर्ण साधन बन गए हैं।

**तकनीकें: हाइब्रिड कक्षाएं:** ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षण का संयोजन।

**रिकॉर्डिंग:** सत्रों को रिकॉर्ड कर पुनः उपयोग के लिए सहेजना।

**अभिभावक बैठकें:** वर्चुअल मीटिंग्स के माध्यम से अभिभावकों से संवाद।

**7. शैक्षणिक ऐप्स और प्लेटफॉर्म्स**

**परिचय:** विभिन्न विषयों के लिए विशेष ऐप्स और प्लेटफॉर्म विद्यार्थियों को स्व-अध्ययन का अवसर प्रदान करते हैं।

**तकनीकें: भाषा शिक्षण:** ऊँश्रळपसे जैसे ऐप्स का उपयोग।

**विषय आधारित शिक्षण:** Khan -cad-emy और Desmos जैसे प्लेटफॉर्म्स पर विशिष्ट मॉड्यूल।

**प्रगति निगरानी:** विद्यार्थियों की प्रगति और प्रदर्शन का विश्लेषण।

8. डिजिटल मूल्यांकन उपकरण (Digital -ssessment Tools)

**परिचय:** डिजिटल उपकरण मूल्यांकन प्रक्रिया को सरल और तेज़ बनाते हैं।

**तकनीकें: फॉर्मेटिव असेसमेंट:** Google Forms का उपयोग कर त्वरित मूल्यांकन।

वास्तविक समय में विश्लेषण: Socrative और Poll Everywhere जैसे उपकरणों से परिणामों का त्वरित विश्लेषण।

**गुमनाम फीडबैक:** विद्यार्थियों से ईमानदार प्रतिक्रिया प्राप्त करना।

9. कक्षा प्रबंधन उपकरण (Classroom Management Tools)

परिचय: ये उपकरण शिक्षकों को कक्षा के संचालन और प्रबंधन में मदद करते हैं।

**तकनीकें: उपस्थिति प्रबंधन:** उश्रींीऊेक्षे जैसे ऐप्स का उपयोग।

**व्यवहार निगरानी:** विद्यार्थियों के व्यवहार पर नज़र रखना।

**संचार:** अभिभावकों से संवाद की सुविधा।

10. संवर्धित और आभासी वास्तविकता (AR/VR)

**परिचय:** AR और VR प्रौद्योगिकी शिक्षार्थियों को एक इमर्सिव और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करती हैं।

तकनीकें: वर्चुअल यात्राएं: Google Ex-peditions के माध्यम से ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा।

**विज्ञान प्रयोग:** Merge Cube के माध्यम से जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं का अध्ययन।

**इमर्सिव शिक्षण:** आभासी वास्तविकता के माध्यम से विषयों को जीवन्त बनाना।

श्रेष्ठ अभ्यास (Best Practices)

प्रशिक्षण: शिक्षकों के लिए नियमित तकनीकी प्रशिक्षण आवश्यक है। NEP 2020 में शिक्षकों के निरंतर विकास पर जोर दिया गया है (NEP 2020)। शिक्षकों को न केवल उपकरणों के उपयोग में दक्षता हासिल करनी चाहिए, बल्कि उन्हें डिजिटल शिक्षण के नए तरीकों से भी परिचित कराया जाना चाहिए।

**एकीकरण:** पारंपरिक शिक्षण विधियों के साथ प्रौद्योगिकी का सामंजस्य। कक्षा में केवल प्रौद्योगिकी पर निर्भर रहने के बजाय, शिक्षकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि तकनीकी उपकरण पारंपरिक शिक्षण का पूरक बनें।

**विद्यार्थी सहभागिता:** तकनीकी उपकरणों के उपयोग में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करना। NEP 2020 के अनुसार, शिक्षण को छात्रों के लिए अधिक संवादात्मक और सहभागी बनाया जाना चाहिए। तकनीकी उपकरण विद्यार्थियों को समस्या-समाधान और सहयोगात्मक कार्यों में शामिल करने में सहायक हो सकते हैं।

**सुरक्षा:** विद्यार्थियों के डेटा की गोपनीयता सुनिश्चित करना। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विद्यार्थियों के व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए गोपनीयता नीति का पालन किया जाना चाहिए। NEP 2020 में डिजिटल सुरक्षा जागरूकता के महत्व को रेखांकित किया गया है।

निष्कर्ष: नई शिक्षा नीति के अंतर्गत तकनीकी उपकरणों और तकनीकों के सही उपयोग से एक समृद्ध, आकर्षक और प्रभावी शिक्षण वातावरण का निर्माण किया जा सकता है। इससे न केवल शिक्षण प्रक्रिया बेहतर होती है, बल्कि विद्यार्थी डिजिटल भविष्य के लिए भी तैयार होते हैं। कक्षा में तकनीकी नवाचार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने का सशक्त माध्यम है।

# दादाजी का दोस्त



**डॉ.मंजरी शुक्ला**

हमारा ट्रांसफर हुए तो कितने दिन हो गए है। तब भी सोनू के दादाजी मुझे रोज़ सुबह फोन कर देते है। शिशिर झुंझलाते हुए बोला

तो क्या हुआ सोनू तेरा सबसे अच्छा दोस्त था और उसके दादाजी भी तो तुझे कितना प्यार करते थे! मम्मी बोली

पर मुझे उनका रोज़ सुबह फ़ोन करना बिलकुल अच्छा नहीं लगता है।

पापा बोले-तुम्हारी तो गर्मियों की छुट्टियाँ चल रही है। तुम्हें कौन सा स्कूल जाना होता है जो तुम इतने परेशान हो रहे हो।

शहर छोड़ने के बाद भला कौन किसको पूछता है और वह तो तुम्हारे दोस्त के दादाजी होने के बाद भी तुम्हें कितना प्यार करते है! मम्मी बोली

शिशिर के कुछ समझ में नहीं आया कि वह क्या कहे इसलिए वह चुपचाप अपनी किताब पढ़ने लगा।

दोपहर को खाना खाने के बाद जब वह सो रहा था कि तभी चिड़ियों की चहचहाहट से उसकी नींद खुल गई।

उसने हड़बड़ाते हुए इधर उधर देखा तो मोबाइल की रिंगटोन बज रही थी और स्क्रीन पर दादाजी का नाम चमक रहा था।

शिशिर का चेहरा गुस्से के मारे लाल हो गया। उसने तुरंत फोन काट दिया।

उसे लगा कि दादाजी शायद मम्मी से उसकी शिकायत करेंगे पर ऐसा कुछ नहीं हुआ।

अब उसकी हिम्मत और बढ़ गई। वह जब भी दादाजी का फ़ोन देखता तो तुरंत काट देता।

एक दिन मम्मी बोली-दादाजी का बहुत दिनों से फोन नहीं आया।

तभी फोन की घंटी बजी और मम्मी जब तक मोबाइल के पास जाती, शिशिर मोबाइल की तरफ़ बहुत तेज़ दौड़ा।

इतना तेज़ कि उसे फर्श पर पड़ा हुआ पानी भी दिखाई नहीं दिया और वह धड़ाम से गिर पड़ा।

दर्द के मारे उसकी आँखों के आगे अँधेरा छा गया

मम्मी! शिशिर अपना पैर पकड़कर चीखा

मम्मी और पापा तुरंत उसकी आवाज़ सुनकर दौड़े और शिशिर को फ़र्श पर पड़ा देख कर सन्न रह गए।

उन्होंने बिना एक पल की भी देर किये उसे सहारा देते हुए उठाया।

पापा ने कार निकाली और उसे तुरंत हॉस्पिटल ले गए।



एक्सरे के बाद पता चला कि उसके दाएँ पैर के पंजे में हेयर लाइन फ्रैक्चर हुआ था।

डाक्टर ने कहा-तीन हफ़्ते का प्लास्टर है। अगर ज़्यादा चले तो पैर पर जोर पड़ेगा और फ़िर ठीक होने में और ज़्यादा समय लगेगा।

शिशिर का चेहरा उतर गया और घर लौटने तक उसने एक शब्द भी नहीं बोला।

शाम को जब उसका दोस्त मोनू क्रिकेट खेलने के लिए बुलाने आया तो बोला- ओह! तेरे तो प्लास्टर चढ़ गया। अब तू आराम कर।

शिशिर बोला-तू सब दोस्तों को बुला ला। हम सब करम खेल लेते है।

नहीं नहीं...हम सब लोग पार्क में क्रिकेट खेलने के लिए ही इकठ्ठा हुए है। कहते हुए मोनू भाग गया

शिशिर रुआंसा हो गया।

मम्मी बोली-सिर्फ़ तीन हफ़्ते की ही तो बात है और ये कहते हुए मम्मी ने शिशिर के पास ढेर सारी कहानियों की किताबें रख दी।

शिशिर ने एक किताब उठाई और थोड़ी देर पढ़ने के बाद अपने दोस्तों को फ़ोन करने लगा।

कोई शहर के बाहर घूमने गया हुआ था तो कोई सो रहा था। कोई खेलने गया हुआ था तो कोई तैरने गया हुआ था।

मम्मी, मुझसे कोई बात नहीं करता। कहते हुए शिशिर रो पड़ा

ऐसा नहीं है। कई बार हम समझ ही नहीं पाते कि सामने वाला कितना अकेला है और उसे टाल देते है। तुम्हारे दोस्त तो अपना रोज़ वाला ही काम कर रहे है। मम्मी ने प्यार से कहा

शिशिर की आँखों के आगे दादाजी का चेहरा घूम गया। वह भी तो कितनी मुश्किल से छड़ी के सहारे चल पाते है। सुबह होते ही गेट के पास जाकर बैठ जाते है और सबको रोक रोक कर बात करते है और लोग उन्हें अनदेखा करके निकल जाते है।

दादाजी को याद करते हुए शिशिर के आँसू बह निकले।

उसने काँपते हाथों से दादाजी का नंबर मिलाया।

एक घंटी में ही दादाजी ने फोन उठा लिया और बोले-हैलो

दादाजी...मैं शिशिर... शिशिर रुलाई रोकते हुए कहा

दादाजी सकपकाते हुए बोले-अरे बेटा, तुम बहुत व्यस्त रहते हो और मैं सुबह सुबह फोन कर देता हूँ। मैं अब फ़ोन नहीं करूंगा।

अगर सोनू गलती कर देता तो क्या आप उससे भी बात नहीं करते? कहते हुए शिशिर रो पड़ा

दादाजी की रूंधी हुई आवाज़ आई-ना...मैं तो रोज़ सुबह शाम फ़ोन किया करूंगा।

और दोपहर में भी... कहते हुए सोनू हँस पड़ा

और फ़िर कमरे में बहुत देर तक ठहाके गूँजते रहे जिन्हें सुनकर मम्मी मुस्कुराती रही।

# संत रविदास जी की अमर गाथा

संत कुलभूषण कवि संत शिरोमणि रविदास (रैदास) का जन्म काशी में हुआ था। उनकी माता का नाम कर्मा देवी तथा पिता का नाम संतोख दास था। चर्मकार कुल से होने के कारण जूते बनाने का अपना पैतृक व्यवसाय उन्होंने हृदय से अपनाया था। वे पूरी लगन तथा परिश्रम से अपना कार्य करते थे।

संत रविदास बचपन से ही पर-ोपकारी और दयालु स्वभाव के थे। दूसरों की सहायता करना उन्हें बहुत अच्छा लगता था। खास कर साधु-संतों की सेवा और प्रभु स्मरण में वे विशेष ध्यान लगाते थे।

एक दिन संत रैदास (रविदास) अपनी कुटिया में बैठे प्रभु का स्मरण करते हुए कार्य कर रहे थे, तभी एक ब्राह्मण रैदासजी की कुटिया पर आया और उन्हें सादर वंदन करके बोला कि मैं गंगाजी स्नान करने जा रहा था, सो रास्ते में आपके दर्शन करने चला आया।

रैदासजी ने कहा कि आप गंगा स्नान करने जा रहे हैं, यह एक मुद्रा है, इसे मेरी तरफ से गंगा मैया को दे देना। ब्राह्मण जब गंगाजी पहुंचा और स्नान करके जैसे रुपया गंगा में डालने को उद्यत हुआ तो गंगा नदी में से गंगा मैया ने जल में से अपना हाथ निकालकर वह रुपया ब्राह्मण से ले लिया तथा उसके बदले ब्राह्मण को एक सोने का कंगन दे दिया।

ब्राह्मण जब गंगा मैया का दिया कंगन लेकर लौट रहा था तो वह नगर के राजा से मिलने चला गया। ब्राह्मण को विचार आया कि यदि यह कंगन राजा को दे दिया जाए तो राजा बहुत प्रसन्न होगा। उसने वह कंगन राजा को भेंट कर दिया। राजा ने बहुत-सी मुद्राएं देकर उसकी झोली भर दी।



ब्राह्मण अपने घर चला गया। इधर राजा ने वह कंगन अपनी महारानी के हाथ में बहुत प्रेम से पहनाया तो महारानी बहुत खुश हुई और राजा से बोली कि कंगन तो बहुत सुंदर है, परंतु यह क्या एक ही कंगन, क्या आप बिल्कुल ऐसा ही एक और कंगन नहीं मंगा सकते हैं।

राजा ने कहा- प्रिये ऐसा ही एक और कंगन मैं तुम्हें शीघ्र मंगवा दूंगा। राजा से उसी ब्राह्मण को खबर भिजवाई कि जैसा कंगन मुझे भेंट किया था वैसा ही एक और कंगन मुझे तीन दिन में लाकर दो वरना राजा के दंड का पात्र बनना पड़ेगा। खबर सुनते ही ब्राह्मण के होश उड़ गए। वह पछताने लगा कि मैं व्यर्थ ही राजा के पास गया, दूसरा कंगन कहां से लाऊं?

इसी ऊहापोह में डूबते-उतरते वह रैदासजी की कुटिया पर पहुंचा और उन्हें पूरा वृत्तांत बताया कि गंगाजी ने आपकी दी हुई मुद्रा स्वीकार करके मुझे एक सोने का कंगन दिया था, वह मैंने राजा को भेंट कर दिया। अब राजा ने मुझसे वैसा ही कंगन मांगा है, यदि मैंने तीन दिन में दूसरा कंगन नहीं दिया तो राजा मुझे कठोर दंड देगा रैदासजी बोले कि तुमने मुझे बताए बगैर राजा को कंगन भेंट कर दिया। इसका पछतावा मत करो। यदि कंगन तुम भी रख लेते तो मैं नाराज नहीं होता, न ही मैं अब तुमसे नाराज हूं।

रही दूसरे कंगन की बात तो मैं गंगा मैया से प्रार्थना करता हूं कि इस ब्राह्मण का मान-सम्मान तुम्हारे हाथ है। इसकी लाज रख देना। ऐसा कहने के उपरांत रैदासजी ने अपनी वह कठौती उठाई जिसमें वे चर्म गलाते थे। उसमें जल भरा हुआ था।

उन्होंने गंगा मैया का आह्वान कर अपनी कठौती से जल छिड़का तब गंगा मैया प्रकट हुई और रैदास जी के आग्रह पर उन्होंने एक और कड़ा ब्राह्मण को दे दिया। ब्राह्मण खुश होकर राजा को वह कंगन भेंट करने चला गया और रैदासजी ने अपने बड़प्पन का जरा भी अहसास ब्राह्मण को नहीं होने दिया। ऐसे थे महान संत रविदास।

एक अन्य प्रसंग के अनुसार एक बार एक पर्व के अवसर पर उनके पड़ोस के लोग गंगा जी में स्नान के लिए जा रहे थे।

रविदास के शिष्यों में से एक ने उनसे भी गंगा स्नान के लिए चलने का आग्रह किया। उन्होंने उत्तर दिया- गंगा स्नान के लिए मैं अवश्य चलता किंतु एक व्यक्ति को जूते बनाकर आज ही देने का वचन मैंने दे रखा है। यदि मैं उसे आज जूते नहीं दे सका तो मेरा वचन भंग होगा। ऐसे में गंगा स्नान के लिए जाने पर मन यहां लगा रहेगा तो पुण्य कैसे प्राप्त होगा?

मन जो काम करने के लिए अंत:करण से तैयार हो, वही काम करना उचित है। अगर मन सही है तो इसे कठौते के जल में ही गंगा स्नान का पुण्य प्राप्त हो सकता है। माना जाता है कि इस प्रकार के उनके व्यवहार के बाद से ही यह कहावत प्रचलित हो गई कि- 'मन चंगा तो कठौती में गंगा।'

# अमानवीय दंड व्यवस्था

कहते हैं, पुराने जमाने में किसी जेबकतरे को जब प्रथम बार पकड़ा जाता था तो दंड स्वरूप उसका अंगूठा और छोटी अंगुली काट दी जाती थी तथा उसे यह चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता था कि यदि वह पुन: इस अपराध में पकड़ा गया तो उसका एक हाथ या पांव काट दिया जाएगा। यदि हाथ या पांव काट दिए जाने के बावजूद भी वह तीसरी बार पकड़ा जाता तो उसे अविलंब मृत्यु दंड दे दिया जाता था। प्राचीनकाल में लूट-मार को भी अपराध माना जाता था। इसके लिए कठोर दंड का प्रावधान था। अपराधी के हाथ पैर तो काट ही दिए जाते थे, साथ ही उसकी समस्त जमा पूंजी भी जब्त कर ली जाती थी। चोरी और लूटमार की वस्तुएं यह जानते हुए भी कि वे चोरी की हैं, खरीदने वाले या भेंट के रूप में लेने वालों को भी कठोर दंड दिया जाता था।

यदि किसी उच्च जाति की स्त्री के संबंध किसी निम्न जाति के पुरूष के साथ पाए जाते तो उस स्त्री को मृत्यु दंड अथवा देश निकाले की सजा दी जाती थी। कई बार दंड स्वरूप उसके कान, नाक और होंठ भी काट दिए जाते तथा उसे शहर में घुमाया जाता था। बाद में उसे पानी में डुबो कर मार दिया जाता या फिर चौराहे पर गाड़ कर जंगली कुत्ते छोड़ दिए जाते जो उसे नोच-नोच कर खा जाते।

हत्या जैसे जघन्य अपराध में दोषी सिद्ध हो जाने वाली स्त्रियों के नाक, कान, होंठ और हाथ काट दिए जाते तथा उसे क्रुद्ध सांड के सामने छोड़ दिया जाता था जो उसके चिथड़े -चिथड़े कर डालता। मृत्यु-दंड प्राप्त अपराधियों को प्राय: दो प्रकार से मौत के घाट उतारा जाता था- एक तो सिर काट कर या फिर सूली पर चढ़ा कर मगर कई बार हाथी के भारी-भरकम पैरों तले कुचलवा कर या सार्वजनिक रूप में खम्भे से बांध कर भी जला दिया जाता था। खौलता हुआ तेल मुंह या कान में उंडेल कर, तपती हुई लोहे की छड़ को मुंह में घुसेड़ने जैसी क्रूर ढंग की सजाएं भी दी जाती थीं।

आज के जेबकतरों, लुटेरों, बदमाशों, बलात्कारियों और हत्यारों को ईश्वर का लाख-लाख शुक्र मनाना चाहिए कि वे प्राचीन काल में पैदा नहीं हुए अन्यथा उपरोक्त सजाओं का नाम सुनते ही उनके प्राण हवा हो जाते।

## बाल कथा

# एक रोटी

एक औरत अपने परिवार के सदस्यों के लिए रोजाना भोजन पकाती थी और एक रोटी वह वहाँ से गुजरने वाले किसी भी भूखे के लिए पकाती थी।'

'वह उस रोटी को खिड़की के सहारे रख दिया करती थी जिसे कोई भी ले सकता था..।'

'एक कुबड़ा व्यक्ति रोज उस रोटी को ले जाता और बजाय धन्यवाद देने के अपने रास्ते पर चलता हुआ वह कुछ इस तरह बड़बड़ाता- 'जो तुम बुरा करोगे वह तुम्हारे साथ रहेगा और जो तुम अच्छा करोगे, वह तुम तक लौट के आएगा..।'

'दिन गुजरते गए और ये सिलसिला चलता रहा..'

'वो कुबड़ा रोज रोटी लेकर जाता रहा और इन्हीं शब्दों को बड़बड़ाता - 'जो तुम बुरा करोगे, वह तुम्हारे साथ रहेगा और जो तुम अच्छा करोगे वह तुम तक लौट के आएगा.।'

'वह औरत उसकी इस हरकत से तंग आ गयी और मन ही मन खुद से कहने लगी कि -कितना अजीब व्यक्ति है,एक शब्द धन्यवाद का तो देता नहीं है, और न जाने क्या-क्या बड़बड़ाता रहता है, मतलब क्या है इसका.।

'एक दिन क्रोधित होकर उसने एक निर्णय लिया और बोली- मैं इस कुबड़े से निजात पाकर रहूंगी।'

'और उसने क्या किया कि उसने उस रोटी में जहर मिला दिया जो वो रोज उसके लिए बनाती थी और जैसे ही उसने रोटी को को खिड़की पर रखने कि कोशिश की कि अचानक उसके हाथ कांपने लगे और रुक गये और वह बोली- 'हे भगवन, मैं ये क्या करने जा रही थी.?' और उसने तुरंत उस रोटी को चूल्हे की आँच में जला दिया..। एक ताजा रोटी बनायीं और खिड़की के सहारे रख दी..।'

'हर रोज की तरह वह कुबड़ा आया और रोटी ले कर 'जो तुम बुरा करोगे वह तुम्हारे साथ रहेगा और जो तुम अच्छा करोगे, वह तुम तक लौट के आएगा' बड़बड़ाता हुआ चला गया इस बात से बिलकुल बेखबर कि उस महिला के दिमाग में क्या चल रहा है..।

'हर रोज जब वह महिला खिड़की पर रोटी रखती थी तो वह भगवान से अपने पुत्र की सलामती और अच्छी सेहत और घर वापसी के लिए प्रार्थना करती थी, जो कि अपने सुन्दर भविष्य के निर्माण के लिए कहीं बाहर गया हुआ था..। महीनों से उसकी कोई खबर नहीं थी..।'



'ठीक उसी शाम को उसके दरवाजे पर एक दस्तक होती है.. वह दरवाजा खोलती है और भौंचक्की रह जाती है। अपने बेटे को अपने सामने खड़ा देखती है..।'

'वह पतला और दुबला हो गया था, उसके कपडे.फटे हुए थे और वह भूखा भी था, भूख से वह कमजोर हो गया था।'

'जैसे ही उसने अपनी माँ को देखा, उसने कहा- 'माँ, यह एक चमत्कार है कि मैं यहाँ हूं। आज जब मैं घर से एक मील दूर था, मैं इतना भूखा था कि मैं गिर गया। मैं मर गया होता लेकिन तभी एक कुबड़ा वहां से गुजर रहा था। उसकी नजर मुझ पर पड़ी और उसने मुझे अपनी गोद में उठा लिया। भूख के मारे प्राण निकल रहे थे.. मैंने उससे खाने को कुछ माँगा.. उसने निस्संकोच अपनी रोटी मुझे यह कह कर दे दी कि- मैं हर रोज यही खाता हूँ लेकिन आज मुझसे ज्यादा जरुरत इसकी तुम्हें है.. सो ये लो और अपनी भूख को तृप्त करो।

'जैसे ही माँ ने उसकी बात सुनी, माँ का चेहरा पीला पड़ गया और अपने आप को सँभालने के लिए उसने दरवाजे का सहारा लिया..।'

'उसके मस्तिष्क में वह बात घूमने लगी कि कैसे उसने सुबह रोटी में जहर मिलाया था। अगर उसने वह रोटी आग में जला के नष्ट नहीं की होती तो उसका बेटा उस रोटी को खा लेता और अंजाम होता उसकी मौत..?'

'और इसके बाद उसे उन शब्दों का मतलब बिलकुल स्पष्ट हो चुका था-'

'जो तुम बुरा करोगे वह तुम्हारे साथ रहेगा और जो तुम अच्छा करोगे वह तुम तक लौट के आएगा।।'

'हमेशा अच्छा करो और अच्छा करने से अपने आप को कभी मत रोको, फिर चाहे उसके लिए उस समय आपकी सराहना या प्रशंसा हो या ना हो..।'

*** श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

## मेरी Recipe

### पौष्टिकता से भरपूर है हरी मिर्च का भरवां अचार



हरी मिर्च को आंखों के लिए काफी लाभकारी कहा गया है। इसके सेवन से न केवल नजर बढ़ती है, बल्कि इससे कई अन्य बीमारियां भी दूर भाग जाती हैं। हरी मिर्च को अगर अचार के रूप में खाया जाए तो यह खाने का जायका बढ़ाने के साथ-साथ हाजमे को भी दुरूस्त रखती है।

### सामग्री

एक किलो हरी मिर्च, 100 ग्राम जीरा, 100 ग्राम मेथीदाना, 100 ग्राम अदरक, 100 ग्राम लहसुन, 100 ग्राम राई का बारीक पाउडर बना लें। अदरक, प्याज और लहसुन को बारीक कर लें।

### विधि

कड़ाही में तेल डालकर प्याज व लहसुन को भून कर लाल कर लें। फिर अदरक को पका कर उसमें जीरा, राई, मेथीदाना, नमक, हल्दी डाल दें। ठंडा होने पर इस सारे मिश्रण को हरी मिर्चों को बीच से हल्का चीरकर उसमें भर दें।

फिर कड़ाही में इमली का घोल डाल कर भरी मिर्चों को डाल दें। थोड़ी देर पकने के बाद इनमें सिरका डाल दें। स्वादिष्ट अचार तैयार होगा। हरी मिर्च के अचार का नियमित सेवन करने से हाजमा सही रहता है व भोजन स्वादिष्ट लगता है।

**सुषमा सहोड़ 'भारती'**

# स्थानीय मुद्दों पर ध्यान और 'आप-दा' पर प्रहार कर दिल्ली की सत्ता में लौटी भाजपा



**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अपने कल्याणकारी वादों के जरिये 'आप' के वोट बैंक को साधने के लिए स्थानीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने और दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ''आप-दा'' करार दिये जाने से मतदाताओं के बीच भाजपा के पक्ष में माहौल बना, जिससे 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता में इसकी वापसी हुई है। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने एक ऐसे साहसी और महत्वाकांक्षी विपक्षी नेता अरविंद केजरीवाल का सफाया कर दिया, जिन्होंने आम आदमी पार्टी(आप) को अपने बूते राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई थी। इतना ही नहीं, भाजपा ने लोकसभा चुनाव के बाद पहले ही बिखराव की ओर बढ़ चुके 'इंडिया' गठबंधन की भी इस चुनाव में चूलें हिला दीं। भ्रष्टाचार के आरोपों और 'शीशमहल' कांड ने जनता के बीच 'आप' के संयोजक की ''कट्टर ईमानदार'' छवि को ध्वस्त कर दिया और उसके बाद भाजपा ने करो या मरो की अपनी नीति पर आगे बढ़ते हुए दिल्ली में बदलाव के लिए बिगुल फूंक दिया। राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों में भाजपा के प्रचार अभियान की अगुवाई करने वाले पार्टी के कई नेताओं ने कहा कि 2020 में उनका गहन अभियान असफल हो गया था, क्योंकि मतदाताओं ने 'आप' सरकार के पहले पांच साल को शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में इसकी कथित सफलताओं और महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और मुफ्त बिजली जैसी कल्याणकारी नीतियों से जोड़ कर मतदान किया था। भाजपा नेताओं का कहना है कि उस समय सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के कोई गंभीर आरोप भी नहीं थे। लेकिन इस बार स्थिति ऐसी नहीं थी और दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी(आप) के पास दूसरे कार्यकाल की अपनी सफलता दिखाने के लिए ज्यादा कुछ नहीं था। एक भाजपा नेता ने कहा, 2020 में भी हमारी वोट हिस्सेदारी काफी बढ़ी थी, लेकिन आप के मत प्रतिशत में कोई अधिक कमी नहीं आई थी। इस बार हम अपने मतों को बरकरार रखते हुए उसके (आप के) जनाधार को कम करने में सफल रहे।

## भाजपा का मत प्रतिशत सात अंक और कांग्रेस का दो अंक बढ़ा, आप का मत प्रतिशत 10 अंक घटा

दिल्ली विधानसभा चुनाव में करारी हार झेलने वाली आम आदमी पार्टी (आप) के मत प्रतिशत में करीब 10 अंक की गिरावट देखी गई, जबकि विजेता भाजपा के मत प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भाजपा 26 साल से अधिक समय से राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता से बाहर थी। दिल्ली की 70 सीटों में से कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत सकी लेकिन उसके मत प्रतिशत में मामूली सुधार हुआ। आप ने 43.57 फीसदी वोट हासिल किया, जो 2020 के चुनावों में 53.57 फीसदी था। 2015 के विधानसभा चुनावों में आप को 54.5 फीसदी वोट मिले थे। 2020 और 2015 में पार्टी ने क्रमशः 62 और 67 सीटें हासिल करके भारी जनादेश हासिल किया। हालांकि, इस बार यह केवल 22 सीटों पर ही सिमट कर रह गई। सत्ता में वापसी करने वाली भाजपा का मत प्रतिशत 45.56 रहा और उसने 48 सीट पर जीत दर्ज की।

## प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के दिल में बसते हैं : नड्डा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत को ''ऐतिहासिक क्षण'' करार दिया और कहा कि इससे स्पष्ट संदेश गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के दिल में बसते हैं। पार्टी की जीत के उपलक्ष्य में भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में नड्डा ने आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए उसे ''झूठ और भ्रष्टाचार की फैक्टरी'' करार दिया। उन्होंने कहा कि नतीजे इस बात का भी संकेत हैं कि दिल्ली के लोगों ने अब इस 'आप-दा' को और बर्दाश्त करने से इनकार कर दिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा ''यह एक ऐतिहासिक क्षण है।'' उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों के बाद दिल्ली चुनावों में भाजपा की जीत ''एक स्पष्ट संदेश है कि प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के दिल में बसते हैं।'' कांग्रेस का नाम लिए बगैर नड्डा ने दिल्ली चुनाव में उसकी हार पर निशाना साधा और कहा कि 2014 से ही उसका प्रदर्शन लगातार शून्य रहा है, चाहे वह राष्ट्रीय राजधानी में लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव।

## प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा कार्यकर्ता के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने के लिए भाषण रोका

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक भाजपा कार्यकर्ता को अस्वस्थ देखकर उसका हालचाल जानने के लिए अपना भाषण कुछ देर के लिए रोक दिया। मोदी ने जीत के जश्न के लिए भाजपा मुख्यालय में एकत्र हुए लोगों में से एक पार्टी कार्यकर्ता की ओर इशारा करते हुए, ''उसे (कार्यकर्ता) देखो, क्या वह ठीक है या अस्वस्थ है? कृपया उसके लिए डॉक्टर बुलाओ।'' मोदी ने मंच से कहा, ''उसे थोड़ा पानी दो। शायद उसकी तबीयत ठीक नहीं है। उसका ख्याल रखो। वह थोड़ा असहज लग रहा है।'' पार्टी कार्यकर्ता ने बोतल से पानी पिया और संकेत दिया कि वह ठीक है, जिसके बाद मोदी ने अपना भाषण फिर से शुरू किया।

## मुख्यमंत्री आतिशी, तीन मंत्रियों की जीत से आप की कुछ हद तक बची साख

दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा के शानदार प्रदर्शन के बीच, अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेताओं को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन मुख्यमंत्री आतिशी और तीन मंत्रियों गोपाल राय, मुकेश अहलावत और इमरान हुसैन ने जीत के साथ पार्टी की कुछ हद तक साख कायम रखी। आतिशी कालकाजी में विजयी हुईं, उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रमेश बिधूड़ी को 3,521 मतों के अंतर से हराया। आप की प्रमुख रणनीतिकार आतिशी की जीत पार्टी की सफलता की कुछ कहानियों में से एक है। बाबरपुर में राय ने भाजपा के अनिल कुमार वशिष्ठ को 18,994 मतों के अंतर से हराकर अपनी सीट बरकरार रखी। आप के खराब प्रदर्शन के बावजूद निवर्तमान सरकार में पर्यावरण मंत्री राय अपनी सीट बचाने में सफल रहे। सुल्तानपुर माजरा में अहलावत ने भाजपा के करम सिंह कर्मा को 17,126 मतों से हराकर जीत हासिल की। पिछली आप सरकार में मंत्री रहे अहलावत ने इस आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखा है। यह उन कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है जहां केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री हुसैन ने आप के प्रमुख चेहरों में सबसे अधिक अंतर से बल्लीमारान से जीत हासिल की। हुसैन ने भाजपा के कमल बागड़ी को 29,823 मतों से हराया। नयी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के प्रवेश वर्मा ने केजरीवाल को 4,089 मतों से हराया, उन्हें आप सुप्रीमो के 25,999 मतों के मुकाबले 30,088 वोट मिले।



## दंगा प्रभावित छह विस सीटों में से तीन 'आप' व तीन भाजपा ने जीतीं

उत्तर पूर्वी दिल्ली में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर फरवरी 2020 में हुए दंगों की चपेट में आईं छह विधानसभा सीटों में से आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीन-तीन सीट पर जीत दर्ज की है। साल 2020 के विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के कुछ दिन बाद भड़की हिंसा की चपेट में सीलमपुर,बाबरपुर, घोंडा, गोकलपुरी(एससी), मुस्तफाबाद व करावल नगर आए थे। इनमें से सीलमपुर, बाबरपुर और गोकलपुरी में 'आप' ने जीत दर्ज की। वहीं, घोंडा, मुस्तफाबाद और करावल नगर में भाजपा के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है।

## दिल्ली चुनाव में अधिकतर एग्जिट पोल के अनुमान सटीक साबित हुए

दिल्ली विधानसभा में अधिकतर सर्वेक्षण एजेंसियों के एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) वास्तविक नतीजों के नजदीक रहे। इनमें भी सबसे चर्चित चुनावी सर्वेक्षण एजेंसियों 'एक्सिस मॉय इंडिया' और 'टुडेज चाणक्य' के अनुमान सटीक रहे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता से बाहर कर 27 साल बाद वापसी की। निर्वाचन आयोग के शाम पांच बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक, भाजपा दिल्ली की 70 में से 40 सीट जीत गई है और आठ पर उसकी बढ़त बरकरार है। इस प्रकार वह 48 सीट पर जीत या बढ़त के साथ निर्णायक बहुमत हासिल करती दिख दिख रही है जबकि आप 22 सीट पर सिमटने के कगार पर है। एक बार फिर कांग्रेस राष्ट्रीय राजधानी में अपना खाता खोलती नहीं दिख रही है। दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान के बाद जारी ज्यादातर एग्जिट पोल में भी भाजपा के 26 साल से अधिक समय बाद राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता में वापसी की संभावना जताई गई थी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बेंगलुरू मेट्रो रेल के किराये में 50 फीसदी तक का इजाफा

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु मेट्रो रेल निगम लिमिटेड (बीएमआरसीएल) ने किराया निर्धारण समिति की सिफारिश पर शनिवार को मेट्रो रेल किराये में लगभग 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की घोषणाा की, जो रविवार से लागू होगी। बीएमआरसीएल की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इसने भीड़भाड़ और सामान्य समय के लिए अलग-अलग किराया भी पेश किया है। अधिकतम किराया 60 रुपये से बढ़ाकर 90 रुपये कर दिया गया है। बीएमआरसीएल ने कहा, ''किराया निर्धारण समिति ने 16 दिसंबर, 2024 को संशोधित किराया ढांचे की सिफारिश करते हुए अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। मेट्रो रेलवे ओएंडएम अधिनियम की धारा 37 के अनुसार, किराया निर्धारण समिति द्वारा की गई सिफारिशें मेट्रो रेलवे प्रशासन के लिए बाध्यकारी होंगी।''


### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में नियंत्रण रेखा के पास गश्त पर तैनात जवानों पर गोलीबारी

**राजौरी/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार एक जंगल में गश्त कर रहे सैनिकों पर गोलीबारी की गई, जिसके बाद जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षा अधिकारियों ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस संक्षिप्त गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन इलाके में सख्त निगरानी करने के लिये कहा गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय सैनिक केरी सेक्टर के अग्रिम गांव में गश्त कर रहे थे, तभी सीमा पार जंगल में छिपे संदिग्ध आतंकवादियों ने कुछ राउंड गोलियां चलाईं। उनकी मंशा, भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने के मौके की तलाश में थे।

### चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए पुस्तकों को अपना साथी बनाएं युवा: बिरला

**नयी दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को युवाओं का आह्वान किया कि वे चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए पुस्तकों को अपना साथी बनाएं। बिरला ने आज नयी दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2025 में एक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर यह भी कहा, ''पुस्तकें व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर हमारा मार्गदर्शन करती हैं तथा ये भावी पीढ़ियों के लिए हमारे विचारों एवं विरासत को संरक्षित करती हैं।''

## लद्दाख के साथ संबंध हमेशा मजबूत रहेंगे : जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला



**जम्मू :** लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के बीच ऐतिहासिक संबंधों पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को दोहराया कि प्रशासनिक पुनर्गठन से दोनों क्षेत्रों के बीच गहरे संबंधों में कोई बदलाव नहीं आएगा। वर्ष 2019 में लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग करके केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा, ''नक्शे बदल सकते हैं, लेकिन नक्शे बदलने से आपके साथ हमारे रिश्ते पर कोई असर नहीं पड़ेगा। लद्दाख के साथ हमारा रिश्ता सदियों पुराना है और यह मजबूत बना रहेगा।'' अब्दुल्ला ने यहां लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी) कारगिल के एक प्रतिनिधिमंडल और जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें लद्दाख के छात्रों, मरीजों और निवासियों की विभिन्न चिंताओं के समाधान पर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए अब्दुल्ला ने उनसे आग्रह किया कि वे जम्मू और श्रीनगर में वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित करने के लिए लद्दाख प्रशासन के साथ मामला उठाएं, ताकि जम्मू-कश्मीर में केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के निवासियों के सामने आने वाली चुनौतियों का अधिक प्रभावी ढंग से समाधान किया जा सके।

## मिशन की बेहतरी के लिए हम उड़ान में क्रायोजेनिक चरण को दोबारा शुरू करना चाहते हैं : इसरो प्रमुख

**बेंगलुरु :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा स्वदेशी सीई20 क्रायोजेनिक इंजन के प्रज्वलन परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के एक दिन बाद इसरो प्रमुख एवं अंतरिक्ष विभाग के सचिव वी. नारायणन ने शनिवार को कहा कि यह परीक्षण विभिन्न मिशन के लिए फायदेमंद साबित होगा। नारायणन ने बेंगलुरु में आयोजित 'एयरो इंडिया इंटरनेशनल सेमिनार, 2025' के 15वें द्विवार्षिक संस्करण के मौके पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हम मिशन की बेहतरी के लिए उड़ान में क्रायोजेनिक चरण को फिर से शुरू करना चाहते हैं। इसलिए, हमने हाल ही में इस सिलसिले में एक परीक्षण किया है।'' सात फरवरी को इसरो ने 'मल्टी-एलिमेंट इग्नाइटर' के साथ एलवीएम3 के ऊपरी चरण को शक्ति देने वाले स्वदेशी सीई20 क्रायोजेनिक इंजन का सफलतापूर्वक प्रज्वलन परीक्षण किया। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में कहा कि यह परीक्षण शुक्रवार को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित इसरो प्रणोदन परिसर में उच्च स्थल परीक्षण प्रतिष्ठान में किया गया। यह इंजन भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण है। इससे पहले दिन में, समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए नारायणन ने कहा कि लोग अक्सर आसानी से कह देते हैं कि परियोजनाओं में देरी हो रही है, लेकिन इसरो और एयरोस्पेस क्षेत्र की परियोजनाएं बेहद जटिल और चुनौतीपूर्ण हैं।

### इसरो ने सफलतापूर्वक किया क्रायोजेनिक इंजन का 'निर्वात प्रज्वलन' परीक्षण

इसरो ने शनिवार को कहा कि उसने निर्वात परिस्थितियों में 'मल्टी-एलिमेंट इग्नाइटर' के साथ एलवीएम3 के ऊपरी चरण को शक्ति देने वाले स्वदेशी सीई20 क्रायोजेनिक इंजन का सफलतापूर्वक प्रज्वलन परीक्षण किया है। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में कहा कि यह परीक्षण शुक्रवार को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित इसरो प्रणोदन परिसर में उच्च स्थल परीक्षण प्रतिष्ठान में किया गया।

## न्यूज अपडेट

### मुस्लिम बहुल छह में से पांच सीट पर 'आप' की जीत, चार मुस्लिम पहुंचे विधानसभा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) की कथित निष्क्रियता से मुस्लिम समुदाय नाराज़ बताया जा रहा था लेकिन इन विधानसभा चुनाव में उसने 'झाड़ू' को ही प्राथमिकता दी। सभी 70 विधानसभा सीट पर हुए चुनाव में मुस्लिम बाहुल्य मानी जाने वाली छह में से पांच सीटों पर 'आप' के उम्मीदवारों को सफलता मिली है। इस बार 'आप' को मुस्तफाबाद सीट पर हार का सामना करना पड़ा जहां पिछली बार उसके उम्मीदवार हाजी युनूस ने जीत हासिल की थी। दिल्ली में छह सीट-- सीलमपुर, मुस्तफाबाद, मटिया महल, बल्लीमारान, ओखला और बाबरपुर मुस्लिम बहुल सीट मानी जाती हैं। हालांकि चुनाव से पहले यह आशंका व्यक्त की जा रही थी कि उत्तर पूर्वी दिल्ली के 2020 के दंगे, कोरोना वायरस महामारी के दौरान उपजे तब्लीगी जमात के मुद्दे और अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े मुद्दों पर पार्टी की कथित चुप्पी को लेकर मुस्लिम मतदाताओं में 'आप' को लेकर नाराज़गी है। मगर चुनावी नतीजों के मुताबिक, मुस्लिम बहुल सीटों पर 'आप' के उम्मीदवार ही समुदाय की पहली पसंद रहे। इस बार चार मुस्लिम विधायक जीते हैं जबकि पिछली बार पांच मुस्लिम विधायक विधानसभा पहुंचे थे।

### आरएसएस के ''खामोशी से किए गए प्रचार अभियान'' ने भाजपा के लिए समर्थन मजबूत करने में मदद की

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सूत्रों ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान आरएसएस ने मतदाताओं को राष्ट्रीय राजधानी की प्रगति की खातिर एक ''प्रभावी और जवाबदेह'' सरकार चुनने के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास किया, जिससे चुनावों में भाजपा को शानदार जीत हासिल करने में मदद मिली। राजनीतिक दलों के जोर-शोर से किए गए चुनाव प्रचार के बीच आरएसएस स्वयंसेवकों ने खामोशी से ''मतदाता जागरूकता'' अभियान चलाया, जिसके तहत दिल्ली में ''हजारों बैठकें'' की गईं और इनमें स्वच्छता की कमी, पेयजल आपूर्ति और स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ वायु प्रदूषण और यमुना नदी की सफाई जैसे ''जरूरी'' सार्वजनिक मुद्दों पर चर्चा की गई। सूत्रों ने बताया कि ऐसी बैठकों में आरएसएस ने ''आम आदमी पार्टी (आप) के भ्रष्टाचार तथा अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी द्वारा 10 साल के शासन के दौरान किए गए कई वादों को पूरा नहीं करने'' के मुद्दे को उठाया। उन्होंने बताया कि इन बैठकों में दिल्ली में अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। आरएसएस के एक सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''अकेले द्वारका में कम से कम 500 'ड्राइंग रूम' (छोटे समूह की) बैठकें आयोजित की गईं।''

## भारत एक से चार मई तक मुंबई में पहले 'वेव्स' शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा: अश्विनी वैष्णव



**नयी दिल्ली :** भारत एक से चार मई तक मुंबई में पहले विश्व दृश्य-श्रव्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) की मेजबानी करेगा, जिसमें मीडिया संस्थानों के सीईओ और विश्व भर के मनोरंजन जगत की हस्तियां शामिल होंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शिखर सम्मेलन के लिए सलाहकार बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करने के एक दिन बाद, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में 'वेव्स' की तारीखों की घोषणा की। वैष्णव ने कहा, ''यह शिखर सम्मेलन दुनिया के शीर्ष मीडिया सीईओ, मनोरंजन जगत की बड़ी हस्तियों और दुनिया भर की रचनात्मक प्रतिभाओं को एक साथ लाएगा, जो मनोरंजन, रचनात्मकता और संस्कृति को जोड़ेगा।'' उन्होंने कहा, ''भारत दुनिया की रचनात्मक महाशक्ति बनने की नींव रख रहा है।'' शुक्रवार शाम को मोदी ने विश्व दृश्य-श्रव्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के संबंध में अमिताभ बच्चन और मुकेश अंबानी सहित विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियों से बातचीत की। बातचीत में सुंदर पिचाई, सत्य नडेला, अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, चिरंजीवी, मोहनलाल, रजनीकांत, आमिर खान, ए आर रहमान, अक्षय कुमार, रणबीर कपूर, दीपिका पादुकोण, मुकेश अंबानी और आनंद महिंद्रा शामिल हुए। आर्थिक क्षेत्र के लिए दावोस में होने वाले आयोजन की तर्ज पर, सरकार 'वेव्स' सम्मेलन को मनोरंजन क्षेत्र के भारत के वैश्विक आयोजन के रूप में पेश कर रही है।

## उत्तराखंड में स्थित अपने पहले विद्यालय पहुंचे आदित्यनाथ

**स्कूल की तारीफ की**


**पौड़ी :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उत्तराखंड के पौड़ी जिले में अपने पहले स्कूल का दौरा किया, जहां उन्होंने कक्षा एक से पांच तक पढ़ाई की थी। योगी ने छात्रों से उनके भविष्य के लिए वहां बनाए गए बेहतर शैक्षिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने अपने गांव पंचूर के पास थांगर में पुनर्निर्मित प्राथमिक विद्यालय के छात्रों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा, स्कूल में बहुत अच्छा बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है। अब कंप्यूटर, ऑनलाइन और स्मार्ट कक्षाओं के अलावा आधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला जैसी सभी सुविधाएं हैं। अब शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका छात्रों को इन सुविधाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए प्रेरित करने की है ताकि वे अपना भविष्य बना सकें। उन्होंने अभिभावकों से उनके बच्चों को स्कूल भेजने के लिए कहा ताकि वे नयी सुविधाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा, राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी सिर्फ सरकारों के कंधों पर नहीं बल्कि समाज पर भी होती है। जब समाज इस मिशन में सरकारों के साथ जुड़ता है, तो परिणाम कई गुना बेहतर होते हैं।

## संविधान और लोकतंत्र को कमजोर कर रही है केंद्र सरकार: प्रियंका गांधी



**वायनाड (केरल) :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को दावा किया कि देश ऐसे दौर से गुजर रहा है, जिसमें केंद्र सरकार ''भारत में संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए'' सब कुछ कर रही है। वायनाड से सांसद प्रियंका ने यहां मननथावाडी विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तर के नेताओं की एक बैठक में कहा कि इस जिले के भूस्खलन के पीड़ितों को आज तक आवास संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें पर्याप्त मुआवजा नहीं मिला है। कांग्रेस नेता ने कहा कि केंद्र सरकार ने ''लोकसभा में हमारे प्रयासों के कारण कम से कम'' वायनाड भूस्खलन को ''गंभीर प्रकृति की आपदा'' घोषित किया और उम्मीद जताई कि इससे पीड़ितों के पुनर्वास के लिए अधिक धन प्राप्त होगा। उन्होंने जिले में जंगली जानवरों के हमलों के कारण जान-माल के नुकसान के विभिन्न मामलों का भी उल्लेख किया और कहा कि मानव-पशु संघर्ष के कारण भी आजीविका का नुकसान हो रहा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि पिछली बार जब वह यहां वायनाड में थीं, तो जिला प्रशासन ने कहा था कि मानव-पशु संघर्ष को कम करने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उसे अधिक धन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ''मैंने कहा था कि मैं उनके साथ काम करूंगी और साथ मिलकर हम जितना संभव हो सके उतनी धन राशि जुटाने की कोशिश करेंगे, ताकि उन्हें जो काम करने की जरूरत है, उसे करने में मदद मिल सके और समस्या के लिए नए प्रकार के समाधान भी ढूंढे जा सकें।'' प्रियंका गांधी ने लोकसभा उपचुनाव में अपनी जीत में मदद करने के लिए बूथ स्तर के नेताओं और कार्यकर्ताओं की भी प्रशंसा की और उन्हें धन्यवाद दिया तथा उनसे केवल चुनाव के दौरान ही नहीं, बल्कि हर दिन लोगों के लिए उपलब्ध रहने का आग्रह किया।

## ब्रिगेडियर लिड्डर जनरलों और हवलदारों के साथ समान रूप से मिलते थे: सेना प्रमुख



**नयी दिल्ली :** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि ब्रिगेडियर एलएस लिड्डर एक शालीन और समर्पित पारिवारिक व्यक्ति थे जो जनरलों तथा हवलदारों के साथ समान और सहज रूप से घुलमिल जाते थे। उनकी पत्नी गीतिका लड्डर द्वारा लिखित 'आई एम ए सोल्जर्स वाइफ: द लाइफ एंड लव ऑफ टोनी लिड्डर' नामक संस्मरण के विमोचन कार्यक्रम में अपने संबोधन में सेना प्रमुख ने दिवंगत अधिकारी की प्रशंसा की। सेना प्रमुख ने कहा कि पेशेवर उपलब्धि से परे लिड्डर की मानवता उन्हें वास्तव में दूसरों से अलग करती थी। तमिलनाडु के कुन्नूर के पास एक सैन्य हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर ब्रिगेडियर लिड्डर, देश के पहले प्रमुख रक्षाध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी समेत कई अन्य लोगों की मौत हो गई थी। गीतिका लिड्डर ने अपने संबोधन में उस बात को याद किया जो उन्होंने तब सार्वजनिक रूप से मीडिया से कही थी कि ''मैं एक सैनिक की पत्नी हूं और मैं उन्हें मुस्कुराते हुए विदा करूंगी।'' जनरल द्विवेदी ने अपने संबोधन में 2021 में घटना के ठीक बाद दिखाए गए गीतिका के साहस और धैर्य के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा, ''उन्होंने त्रासदी के बाद खुद को जिस शांति के साथ संभाला उसे कौन भूल सकता है। इसके अलावा आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (एडब्ल्यूडब्ल्यूए) की सच्ची सदस्य के रूप में वह अन्य महिलाओं को उनके अत्यधिक दुःख के क्षण में सांत्वना प्रदान करने के लिए आगे बढ़ीं।'' जनरल ने याद किया कि वह धरती पर मौजूद किसी चीज के बारे में उनके साथ चर्चा कर सकते थे, चाहे वह सामरिक हो या भू-रणनीति। सेना प्रमुख ने गीतिका की ओर से संस्मरण में दर्शाए गए प्यार और समर्पण का भी जिक्र किया। दूसरी पीढ़ी के सैन्य अधिकारी ब्रिगेडियर लिड्डर (मित्रों और सहकर्मियों के बीच 'टोनी लिड्डर' के रूप में लोकप्रिय) दुर्घटना के समय सीडीएस जनरल रावत के स्टाफ में कार्यरत थे। लिड्डर ने कजाकिस्तान में रक्षा अताशे के रूप में भी सेवा दी थी और सैन्य इतिहास में उनकी गहरी रुचि थी।

## न्यूज ब्रीफ

### मणिपुर और मध्य प्रदेश महिला हॉकी में जीते, पुरुष स्पर्धा में चमके महाराष्ट्र और कर्नाटक

**हरिद्वार :** मणिपुर और मध्य प्रदेश ने शनिवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों की महिला हॉकी स्पर्धा में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों पर जीत दर्ज की जबकि पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र और कर्नाटक ने भी अपने मुकाबले जीत लिए। दिन के शुरुआती मुकाबले में मणिपुर की महिलाओं ने मेजबान उत्तराखंड को 5-2 से हराया। उत्तराखंड चार मैच में हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया है जबकि मणिपुर चार अंक लेकर पूल बी तालिका में चौथे स्थान पर है। मध्य प्रदेश ने पूल ए के मैच में पश्चिम बंगाल को 2-1 से हराकर शीर्ष स्थान बरकरार रखा। पुरुषों की स्पर्धा में महाराष्ट्र ने पूल बी के मुकाबले में मेजबान उत्तराखंड के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। महाराष्ट्र सात अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। उत्तराखंड चार मैच में सिर्फ एक अंक के साथ बाहर हो गया है। कर्नाटक ने मणिपुर को 4-1 से हराकर पूल ए तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। कर्नाटक के नौ अंक हैं।

### डेविस कप खिलाड़ी मुकुंद, रामकुमार और करण को दिल्ली ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड

**नयी दिल्ली :** एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट दिल्ली ओपन के आयोजक ने शनिवार को पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में तीन डेविस कप खिलाड़ियों शशिकुमार मुकुंद, रामकुमार रामनाथन और युवा करण सिंह के लिए वाइल्ड कार्ड प्रविष्टियों की घोषणा की। डेविस कप ट्रेनिंग शिविर का हिस्सा रहे युवा चिराग दुहान और आर्यन शाह को आदित्य गोविला और सिद्धार्थ रावत के साथ क्वालीफाइंग स्पर्धा के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है।

# रोहित की फॉर्म और कोहली की फिटनेस पर रहेगी निगाह

**कटक :** भारत और इंग्लैंड के बीच रविवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पिछले लंबे समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और फिटनेस हासिल कर चुके स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म पर निगाहें टिकी रहेगी। भारत ने नागपुर में खेले गए पहले वनडे में चार विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की है और उसका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखकर श्रृंखला जीतना होगा। कोहली दाएं घुटने में सूजन के कारण पहले मैच में नहीं खेल पाए थे लेकिन बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने पुष्टि की कि कोहली रविवार के मैच के लिए 'पूरी तरह से फिट और तैयार हैं'। यह भारतीय सुपरस्टार शनिवार शाम को वैकल्पिक सत्र के दौरान नेट अभ्यास के लिए पहुंचने वाला पहला खिलाड़ी था। उन्होंने बिना किसी परेशानी के एक लगभग एक घंटे तक बल्लेबाजी की। भारतीय उप कप्तान शुभमन गिल ने हालांकि स्पष्ट किया है कि कोहली की चोट गंभीर नहीं है और वह दूसरे वनडे में खेलेंगे। कोहली भी टीम के साथ कटक पहुंचे हैं और वह सहज नजर आ रहे थे। यह भारत के लिए अच्छे संकेत हैं लेकिन इससे अंतिम एकादश का चयन करने के लिए टीम प्रबंधन को माथापच्ची करनी पड़ेगी।



### कोहली ने नेट पर लगभग एक घंटे अभ्यास किया,दूसरे वनडे में वापसी की संभावना मजबूत

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच की पूर्व संध्या पर घुटने की चोट की चिंताओं को दूर करते हुए नेट पर लगभग एक घंटे तक बल्लेबाजी की। कोहली को चोट के कारण नागपुर में खेल गये पहले वनडे से बाहर होना पड़ा था। कोहली ने अपना वार्मअप पूरा करने के बाद नेट में बल्लेबाजी अभ्यास किया। वह इस दौरान पूरे जोश में दिखे। उन्होंने भारतीय गेंदबाजों के अलावा ओडिशा क्रिकेट संघ के गेंदबाजों के खिलाफ सहजता से बल्लेबाजी की। लंबे समय के बाद भारतीय टीम के मैच की मेजबानी कर रहे कटक में भी कोहली के प्रशंसकों का हुजूम दिखा।

## ऑस्ट्रेलिया 2-0 से श्रृंखला जीतने के करीब

**गॉल (श्रीलंका) :** ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन शानदार प्रदर्शन से स्टंप तक श्रीलंका के दूसरी पारी में 211 रन तक आठ विकेट झटक लिए जिससे मेजबान टीम ने महज 54 रन की मामूली बढ़त हासिल की। मेहमान चौथे दिन सुबह श्रीलंका की दूसरी पारी को जल्दी समेटकर श्रृंखला 2-0 से जीतने के लिए लक्ष्य का पीछा करने की कोशिश करेगी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 414 रन बनाए थे। श्रीलंका ने एक समय 81 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे जिससे ऐसा लग रहा था कि उसे तीन दिन में एक और पारी की करारी हार का सामना करना होगा। पर एंजेलो मैथ्यूज 76 रन बनाकर श्रृंखला में अपना पहला अर्धशतक जड़ा जिससे उम्मीद जगी। उन्होंने धनंजय डी सिल्वा के साथ 48 रन की साझेदारी की और कुसल मेंडिस के साथ 70 रनों की साझेदारी निभाई। उनके स्टंप तक डटे रहने की उम्मीद थी लेकिन दिन का खेल खत्म होने से ठीक पहले उनकी चुनौती समाप्त हो गई जब उन्होंने नाथन लियोन की गेंद पर स्वीप करने का प्रयास किया, लेकिन फाइन लेग पर ब्यू वेबस्टर द्वारा शानदार कैच लपका गया। ऑस्ट्रेलिया ने दबाव बनाना जारी रखा और स्टंप से पहले दो और विकेट चटकाए। बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन ने सबसे ज्यादा परेशान किया, उन्होंने चार विकेट लिए, जिससे मैच में उनके कुल सात विकेट हो गये। उन्हें लियोन का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने तीन विकेट लिए। 37 वर्षीय लियोन ने लंच के बाद दिनेश चांदीमल को आउट करते हुए 550 टेस्ट विकेट तक पहुंचकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी हासिल की। वह शेन वार्न (708) और ग्लेन मैकग्रा (563) के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल तीसरे ऑस्ट्रेलियाई बने। पूर्व कप्तान दिमुथ करुणारत्ने अपना अंतिम टेस्ट खेल रहे हैं, जब वह 13वें ओवर में आउट हुए तो लोगों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया।

## अनिमेष कुजूर ने राष्ट्रीय खेलों में पुरुषों की 100 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

**देहरादून :** ओडिशा के उभरते हुए धावक अनिमेष कुजूर ने शनिवार को यहां राष्ट्रीय खेलों में एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के शुरुआती दिन अनुभवी धावकों की मौजूदगी में पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में खेलों के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए स्वर्ण पदक जीता। कुजूर ने 10.28 सेकंड का समय लेकर असम के अमलान बोरगोहेन के इन खेलों के रिकॉर्ड की बराबरी की। बोरगोहेन ने 2022 में गुजरात में इस समय के साथ स्वर्ण पदक जीता था। शनिवार को 10 स्वर्ण पदक दांव पर थे। इसमें महाराष्ट्र और सेना ने दो-दो, जबकि ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और तमिलनाडु ने एक-एक पीला तमगा हासिल किया। इक्कीस साल कुजूर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 10.27 सेकंड है। कुजूर 2024 में फेडरेशन कप और राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप दोनों में 100 मीटर के रजत पदक विजेता हैं। महाराष्ट्र के प्रणव गुरव 10.32 सेकेंड के समय के साथ रजत विजेता रहे, जबकि बोरगोहेन 10.43 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक सेना के मणिकांतहोबलीधर 10.46 सेकंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे। 2023 में उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 10.23 सेकंड का है। महाराष्ट्र की सुदेशना शिवंकर ने 11.76 सेकंड के समय के साथ महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता, जबकि तेलंगाना की निथ्या गंधे (11.79) और तमिलनाडु की गिरिधरानी रविकुमार (11.88) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।



### ओडिशा सरकार ने ब्लॉक स्तरीय स्टेडियमों के निर्माण के लिए परियोजना को मंजूरी दी

**भुवनेश्वर :** ओडिशा सरकार ने राज्य के सभी 314 प्रखंड में स्टेडियमों के निर्माण की नयी परियोजना को मंजूरी दी है। राज्य मंत्रिमंडल ने पांच साल की इस योजना के लिए 4124 करोड़ रुपये के परिव्यय की मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य जमीनी स्तर के खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। यह कदम राज्य में स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़े खेल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के प्रति सरकार के समर्पण को दर्शाता है। इस परियोजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण खेल बुनियादी ढांचे के अंतर को कम करना है। खासकर ब्लॉक स्तर पर जहां सुविधाएं अविकसित हैं। यहां जारी बयान के मुताबिक, 'सरकार ने इस अंतर को पाटने की जरूरत पर ध्यान दिया है। इसमें खिलाड़ियों के लिए बेहतर अवसर प्रदान करना, स्थानीय प्रतिभाओं का पोषण करना और जमीनी स्तर पर अधिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करना शामिल है।' इस योजना में ऐसे खेलों पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा जिसमें ओडिशा के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

## न्यूज अपडेट

### भारतीय क्रिकेट टीम के तीन खिलाड़ियों ने पुरी के जगन्नाथ मंदिर में दर्शन किए



**भुवनेश्वर :** इंग्लैंड के खिलाफ कटक के बाराबती स्टेडियम में रविवार को होने वाले दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के तीन खिलाड़ियों ने शनिवार को पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर का दौरा किया और भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया। इन तीनों खिलाड़ियों वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह-सुबह जगन्नाथ मंदिर के दर्शन किए। पुलिस ने कहा कि खिलाड़ियों ने सुरक्षाकर्मियों की निगरानी में दर्शन किये। वाशिंगटन सुंदर ने बाद में कहा, ''दर्शन करके बहुत अच्छा लग रहा है।'' पुलिस ने भुवनेश्वर और कटक के बीच खिलाड़ियों की आवाजाही के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है।

### फ्रीस्टाइल शतरंज: गुकेश ने नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई किया

**हैम्बर्ग :** विश्व चैंपियन डी गुकेश क्वालीफायर के नौवें और अंतिम दौर में दुनिया के सबसे शीर्ष रेटिंग वाले खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन से हारने के बावजूद फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर की पहली स्पर्धा के नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे। गुकेश के कुल 3.5 अंक हैं और इस दौरान वह एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाये। उन्होंने सात बाजियां ड्रॉ खेली जबकि दो हार गए। हालांकि यह प्रदर्शन उनके लिए 10 खिलाड़ियों के प्रारूप में आठवां स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त था। कार्लसन के खिलाफ सफेद मोहरों से खेलते हुए गुकेश के पास ड्रॉ करने के कई मौके थे लेकिन अंततः हार गए।

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा, चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को हराना वास्तविक चुनौती

**लाहौर :** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा कि उनकी टीम के लिए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतना ही नहीं बल्कि 23 फरवरी को दुबई में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को हराना वास्तविक चुनौती होगी। शरीफ ने नए सिरे से तैयार किए गए गद्दाफी स्टेडियम के उद्घाटन समारोह के दौरान शुक्रवार की रात को कहा कि भारत के खिलाफ उनके खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। शरीफ ने कहा, 'हमारी टीम बहुत अच्छी है और उसने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन



उनके सामने अब वास्तविक चुनौती चैंपियंस ट्रॉफी जीतना ही नहीं बल्कि दुबई में होने वाले मैच में हमारे चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को हराना होगा। पाकिस्तान की टीम को पूरे देश का समर्थन हासिल है।' भारत और पाकिस्तान का क्रिकेट प्रतिद्वंदिता का लंबा इतिहास रहा है और भारतीय टीम ने आईसीसी प्रतियोगिताओं में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 90 के दशक से ही दबदबा बनाए रखा है। पाकिस्तान ने आईसीसी की किसी प्रतियोगिता में भारत के खिलाफ आखिरी जीत 2021 में दुबई में टी20 विश्व कप में हासिल की थी। पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी में गत चैंपियन के रूप में भाग लेगा। उसने इससे पहले 2017 में इंग्लैंड में आयोजित किए गए टूर्नामेंट में जीत हासिल की थी।



## न्यूज ब्रीफ

### टाटा मोटर्स ने गुवाहाटी में वाहन कबाड़ सुविधा शुरू की

**मुंबई :** वाहन विनिर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने शनिवार को गुवाहाटी में अपनी पंजीकृत वाहन कबाड़ सुविधा (आरवीएसएफ) शुरू करने की घोषणा की। इस सुविधा में सालाना 15,000 तक बहुत पुराने हो चुके वाहनों को नष्ट करने की क्षमता है। टाटा मोटर्स के साझेदार एक्सोम प्लैटिनम स्क्रैपर्स द्वारा संचालित इस संयंत्र में सभी ब्रांड के यात्री और वाणिज्यिक वाहनों को कबाड़ में बदला जाएगा। कंपनी ने कहा कि इसके साथ ही घरेलू वाहन प्रमुख के पास अब जयपुर, भुवनेश्वर, सूरत, चंडीगढ़, दिल्ली-एनसीआर और पुणे सहित सात ऐसी सुविधाएं हो गई हैं। टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने उद्घाटन समारोह में कहा, आज, गुवाहाटी में पूर्वोत्तर की पहली सुविधा के शुभारंभ के साथ, टाटा मोटर्स ने इस क्षेत्र में वाहन कबाड़ के निपटान में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

### बीएचईएल को महाजेनको से 8,000 करोड़ रुपये का ठेका मिला

**नयी दिल्ली :** सरकारी स्वामित्व वाली इंजीनियरिंग कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने शनिवार को कहा कि उसे महाराष्ट्र राज्य बिजली उत्पादन कंपनी लिमिटेड (महाजेनको) से 8,000 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि यह ठेका कोराडी तापीय बिजली केंद्र के बीटीजी (बॉयलर टरबाइन जनरेटर) पैकेज के लिए है। इसमें उपकरणों की आपूर्ति, निर्माण और सिविल कार्य शामिल हैं। इस बिजली केंद्र की क्षमता 1320 मेगावाट है। बीएचईएल को महाराष्ट्र के नागपुर जिले में कोराडी तापीय बिजली केंद्र के बीटीजी पैकेज के लिए सात फरवरी, 2025 को महाजेनको से 'लेटर ऑफ अवार्ड' (एलओए) मिला। ठेका एलओए की तारीख से 52-58 महीने में पूरा होने की उम्मीद है।

# बजट, मौद्रिक नीति उपायों से खपत, निजी निवेश में आएगी तेजी: सीतारमण

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि हाल में बजट और मौद्रिक नीति समीक्षा में घोषित उपायों से खपत और निजी निवेश को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि राजकोषीय और मौद्रिक नीतियां मिलकर काम कर रही हैं और सरकार और आरबीआई के बीच अच्छा समन्वय है। सीतारमण यह भी कहा कि वह आने वाले सप्ताह में लोकसभा में नया आयकर विधेयक पेश कर सकती हैं। यह विधेयक छह दशक पुराने आयकर अधिनियम का स्थान लेगा। वित्त मंत्री ने एक फरवरी को पेश बजट में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए आयकर में छूट सहित कई उपायों का प्रस्ताव किया। कर छूट के तहत आयकरदाताओं को एक साल में 12.75 लाख रुपये (75,000 रुपये की मानक कटौती सहित) तक की कमाई पर कोई कर नहीं देना होगा। छूट सीमा सात लाख रुपये से बढ़ाकर 12 लाख रुपये किये जाने से एक करोड़ लोग कर के दायरे से बाहर हो जाएंगे। वहीं भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समीक्षा में लगभग पांच साल बाद नीतिगत दर 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया। सीतारमण ने बजट पश्चात परंपरा के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक को संबोधित करने के बाद संवाददाताओं से कहा, 'बजट के बाद, मुझे उद्योग जगत से जुड़े लोगों से जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार अप्रैल-जून के लिए दैनिक उपयोग के उपभोक्ता सामान (एफएमसीजी) के ऑर्डर पहले से ही बुक हो रहे हैं, और उद्योग स्पष्ट रूप से खपत में संभावित सुधार के संकेत देख रहा है।' वित्त मंत्री ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप उनमें से कई लोग स्वयं अपनी क्षमता उपयोग की समीक्षा करने पर विचार कर रहे हैं। इसका मतलब है कि जिन लोगों को निवेश के बारे में निर्णय करना है, वे उपभोग में तेजी को महसूस कर रहे हैं।'



### बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए सूझ-बूझ वाले राजकोषीय प्रबंधन उपाय

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बजट में विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने के साथ आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए सूझ-बूझ के साथ राजकोषीय प्रबंधन के उपाय किये गये हैं। सीतारमण ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई वाले केंद्रीय निदेशक मंडल की यहां हुई बैठक को संबोधित करते हुए 2025-26 के केंद्रीय बजट के दृष्टिकोण को रखा। उन्होंने बजट में प्रमुख क्षेत्रों में दिये गये जोर तथा वित्तीय क्षेत्र से उम्मीद के बारे में भी अपनी बात कही। आरबीआई के बयान के अनुसार, बैठक में वैश्विक स्तर पर जारी गतिविधियों और वैश्विक वित्तीय बाजार में उतार-चढ़ाव समेत वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति और परिदृश्य की समीक्षा की गयी।

### सरकार, केंद्रीय बैंक के उपायों से खपत, निजी निवेश को मिलेगी गति

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि हाल में बजट और मौद्रिक नीति समीक्षा में घोषित उपायों से खपत और निजी निवेश को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्री ने एक फरवरी को पेश बजट में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए आयकर में छूट सहित कई उपायों का प्रस्ताव किया। कर छूट के तहत आयकरदाताओं को एक साल में 12.75 लाख रुपये (75,000 रुपये की मानक कटौती सहित) तक की कमाई पर कोई कर नहीं देना होगा। छूट सीमा सात लाख रुपये से बढ़ाकर 12 लाख रुपये किये जाने से एक करोड़ लोग कर के दायरे से बाहर हो जाएंगे।

## भारतीय स्नातकों की रोजगार क्षमता पिछले दशक में बढ़कर 54.81 प्रतिशत हुई: मांडविया

**गांधीनगर :** केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि भारतीय स्नातकों की रोजगार क्षमता 2013 में 33.95 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 54.81 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने बेहतर रोजगार क्षमता का श्रेय दुनिया भर में कुशल पेशेवरों की बढ़ती मांग के बीच सरकार की विभिन्न कौशल निर्माण पहलों को दिया। मांडविया ने गांधीनगर में बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (बिम्सटेक) युवा शिखर सम्मेलन के लिए बंगाल की खाड़ी पहल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि बिम्सटेक देशों के पास सामूहिक वृद्धि और विकास के लिए अवसर है, क्योंकि उनकी 60



प्रतिशत से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम है। भारत अपनी विशेषज्ञता, संसाधन और दूरदृष्टि देकर अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, 'कुशल पेशेवरों की वैश्विक मांग में वृद्धि के बीच भारत ने कौशल अंतर को पाटने के लिए कई पहल की हैं। इसके तहत 1.5 करोड़ से अधिक युवाओं को एआई, रोबोटिक्स और डिजिटल प्रौद्योगिकियों में प्रशिक्षित किया गया है और उन्हें उद्योग की जरूरत के अनुरूप कौशल से लैस किया गया है।' भारत, बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड बिम्सटेक संगठन के सदस्य हैं।

## रुपये का मूल्य मांग, आपूर्ति से तय होता, रोजाना के उतार-चढ़ाव को लेकर चिंतित नहीं: मल्होत्रा

**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शनिवार को कहा कि बाजार ताकतें (मांग और आपूर्ति) अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में रुपये का मूल्य तय करती हैं और केंद्रीय बैंक मुद्रा मूल्य में दिन-प्रतिदिन के उतार-चढ़ाव को लेकर चिंतित नहीं है। मल्होत्रा ने रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल के साथ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि केंद्रीय बैंक मध्यम से लंबी अवधि में रुपये के मूल्य पर ध्यान देता है। उन्होंने रुपये की विनिमय दर में गिरावट पर पूछे गये सवाल के जवाब में कहा, 'आरबीआई के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है यह किसी भी कीमत स्तर या दायरे को नहीं देखता है। हमारा प्रयास अत्यधिक अस्थिरता



पर अंकुश लगाना है। हम रोजाना के उतार-चढ़ाव या विनिमय दर पर ध्यान नहीं देते।' आरबीआई गवर्नर ने कीमत वृद्धि पर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट के प्रभाव पर कहा कि घरेलू मुद्रा के मूल्य में पांच प्रतिशत की कमी घरेलू मुद्रास्फीति को 0.30 से 0.35 प्रतिशत की सीमा तक प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने अगले वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति अनुमानों पर काम करते समय मौजूदा रुपया-डॉलर दर को ध्यान में रखा है। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को नौ पैसे चढ़कर अबतक के निचले स्तर से उबरते हुए 87.50 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बाजार उम्मीदों के अनुरूप रिजर्व बैंक के प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती के बाद रुपये में सुधार आया। आरबीआई गवर्नर ने यह भी कहा कि भारतीय मुद्रा में ज्यादातर गिरावट वैश्विक मुद्दों और विशेष रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क संबंधी घोषणाओं के कारण सामने आई अनिश्चितताओं के कारण है।

### रूस में भारत से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए थॉमस कुक, मॉस्को टूरिज्म में समझौता

**मुंबई :** रूस में भारत से पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यात्रा सेवा कंपनी थॉमस कुक (इंडिया) ने पर्यटन और आतिथ्य विकास के लिए मॉस्को प्रोजेक्ट ऑफिस के साथ 24 महीने की रणनीतिक साझेदारी की है। संयुक्त बयान के अनुसार, इस साझेदारी का उद्देश्य थॉमस कुक और एसओटीसी ट्रैवल के व्यवहार्य अवकाश और कॉरपोरेट 'एमआईसीई' खंडों का लाभ उठाना है, जो एक बहुआयामी पहल है। थॉमस कुक (भारत) के अध्यक्ष और कंट्री हेड 'अवकाश, एमआईसीई, वीजा' राजीव काले ने कहा, नए जमाने के भारतीय यात्री अद्वितीय स्थलों और समृद्ध अनुभवों के लिए एक मजबूत और बढ़ती हुई चाह प्रदर्शित कर रहे हैं। मॉस्को वास्तुकला, कला, संस्कृति, भोजन और रात के जीवंत अनुभव की एक रमणीय विविधता प्रदान करता है। मैं पर्यटन और आतिथ्य विकास के लिए मास्को प्रोजेक्ट ऑफिस के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी की घोषणा करते हुए खुश हूं। यह साझेदारी ज्ञान के आदान-प्रदान, सर्वोत्तम प्रक्रियाओं और भारतीय यात्रियों के लिए विशेष रूप से तैयार अनूठे-नवोन्मेषी उत्पादों के संग्रह के माध्यम से सहयोग को मजबूत करने को प्राथमिकता देगी, जिससे भारत और मॉस्को के बीच पर्यटन और व्यवसाय 'एमआईसीई' क्षेत्रों में दीर्घकालिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

### 2030 तक दवा निर्यात दोगुना होकर 65 अरब डॉलर होने की उम्मीद: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** भारत का दवा निर्यात 2030 तक दोगुना होकर 65 अरब अमेरिकी डॉलर और 2047 तक 350 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत अपने उत्पादों में विविधता लाकर वैश्विक स्तर पर शीर्ष पांच में पहुंच जाएगा। भारत वैश्विक स्तर पर जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। दुनिया भर में बेची जाने वाली हर पांच जेनेरिक दवाओं में एक भारत में बनती है। देश के निर्यात में यह क्षेत्र 11वें स्थान पर है। बैन एंड कंपनी की रिपोर्ट 'हीलिंग द वर्ल्ड: रोडमैप फॉर मेकिंग इंडिया ए ग्लोबल फार्मा एक्सपोर्ट्स हब' के अनुसार भारत विशेष जेनेरिक, बायोसिमिलर और नये उत्पादों को शामिल करके अपने निर्यात में नवाचार और विविधता लाएगा। बेन एंड कंपनी के पार्टनर श्रीराम श्रीनिवासन ने कहा, 'भारतीय दवा उद्योग के लिए वैश्विक बाजार में अपना सही स्थान हासिल करने के लिए मात्रा आधारित कारोबार से मूल्य आधारित कारोबार पर ध्यान देना जरूरी है।' उन्होंने कहा कि गुणवत्ता, विनियमन, वैश्विक बाजारों तक पहुंच, प्रतिभा और उद्यमशीलता नवाचार पर सही ध्यान देकर भारत 2047 तक वैश्विक स्तर पर शीर्ष पांच फार्मा निर्यातकों में शामिल हो सकता है।

### त्योहारों की आहट के बीच आवक घटने से सभी तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

नयी दिल्ली : त्योहारों की आहट के बीच बाजार में आवक घटने से देश के तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सभी तेल-तिलहनों के थोक दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। रात शिकागो एक्सचेंज मजबूत बंद होने के कारण भी सुधार के रुख को समर्थन प्राप्त हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि कपास की आवक एक माह पहले के दो लाख 40-45 हजार गांठ से घटकर लगभग 95,000 गांठ रहने के बीच बिनौला खल के दाम में सुधार आया है। इससे कारोबारी धारणा बेहतर हुई है और पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में कपास नरमा के दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से बढ़ गये हैं। इस वजह से मूंगफली और सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम के साथ आम कारोबारी धारणा में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि उक्त कारणों के अलावा बिनौले की मांग बढ़ने का कारण आगामी त्योहार से पहले नमकीन बनाने वाली कंपनियों की मांग का बढ़ना भी है। इसी प्रकार बाकी खाद्यतेलों के मुकाबले थोक दाम सबसे सस्ता होने के कारण सरसों की भी मांग निरंतर बढ़ रही है जिससे सरसों तेल-तिलहन में भी सुधार है। तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे: सरसों तिलहन - 6,100-6,200 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली - 5,275-5,600 रुपये प्रति क्विंटल।


वर्ष 9, पूर्णांक 4144 अंक 294, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in